संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 16 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 16 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्माण सभा के सदस्य पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# भारत विस्तारवाद की भावना से काम नहीं करताः पीएम मोदी

● आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा हैः प्रधानमंत्री

**जलावतरण**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई के नैसेना डाकयार्ड में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी का जलावतरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुंबई के नैसेना डाकयार्ड में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी के जलावतरण के बाद कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना से काम करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम हमारी शानदार विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का लंबी समुद्री यात्राओं, वाणिज्य, नौसेना रक्षा और जहाज उद्योग से जुड़ा एक समृद्ध इतिहास रहा है। इस समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज लॉन्च किए गए प्लेटफॉर्म उसी की एक झलक दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने चोल वंश के समुद्री कौशल को समर्पित आईएनएस नीलगिरि और सूरत युद्धपोत सहित नए प्लेटफार्मों के लॉन्च का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उस युग की याद दिलाता है, जब गुजरात के बंदरगाह भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ते थे। उन्होंने कुछ साल पहले पहली पनडुब्बी कलवरी के कमीशन के बाद पी75 वर्ग की छठी वाग्शीर पनडुब्बी के कमीशन का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए फ्रंटियर प्लेटफॉर्म भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा खुला, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया



### पिछले एक दशक में नौसेना में 33 जहाजों और सात पनडुब्बियां शामिल की गईः पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि पिछले एक दशक में नौसेना में 33 जहाजों और सात पनडुब्बियां शामिल की गई हैं, जिसमें 40 में से 39 नौसैनिक जहाजों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड में किया गया। इसमें शानदार आईएनएस विक्रांत विमानवाहक पोत और आईएनएस अरिहंत तथा आईएनएस अरिघाट जैसी परमाणु पनडुब्बियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सशस्त्र बलों को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है और देश 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है।

### भारत हर जगह अपने हितों की रक्षा कर रहाः मोदी

**पीएम ने** कहा कि भारत सशस्त्र बलों को और अधिक कुशल बनाने के लिए थिएटर कमांड के कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक गतिशीलता को आकार देने में भारत जैसे समुद्री राष्ट्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय जल की सुरक्षा, नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और आर्थिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा के लिए व्यापार आपूर्ति लाइनों और समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस क्षेत्र को आतंकवाद, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी से बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समृद्ध बनाने, रसद दक्षता बढ़ाने और शिपिंग उद्योग का समर्थन करने में वैश्विक भागीदार बनने के महत्व पर जोर दिया।

# दिल्ली में एक्यूआई 396 के पार, ग्रैप-3 और 4 लागू

**गंभीर स्थिति**

▶▶ औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 396 दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। कोहरे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 396 दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) तीन और चार की पाबंदियां लागू करने का फैसला लिया है।
इसके तहत दिल्ली में निर्माण कार्य और तोड़-फोड़ की कार्रवाई पर रोक रहेगी। दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों पर निगरानी बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ दिल्ली एनसीआर के स्कूलों में क्लास भी अब हाईब्रिड मोड में चलेगी यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में स्कूल चलेंगे।



## एअर इंडिया ने महाकुंभ जाना किया आसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुंभ मेला 2025 के दौरान दिल्ली और प्रयागराज के बीच दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए दिल्ली और प्रयागराज के बीच अस्थायी दैनिक उड़ान सेवा शुरू करने करने का ऐलान किया है। एअर इंडिया ने जारी बयान में कहा कि इस रूट पर जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, एयरलाइन 25 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक उड़ानें संचालित करेगी।

## इंदिरा भवन अब कांग्रेस का नया मुख्यालय



**उद्घाटन**

▶▶ कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के नए राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में 9ए, कोटला रोड स्थित पार्टी के नए मुख्यालय (इंदिरा गांधी भवन) का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पहले पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और झंडा गीत तथा राष्ट्र गान हुआ। इस अवसर पर सोनिया गांधी और कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर खरगे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक क्षण है। पिछले 47 वर्षों से कांग्रेस का मुख्यालय 24, अकबर रोड में रहा है। आज मुख्यालय का उद्घाटन हमारी पार्टी के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इंदिरा गांधी भवन के नाम से पार्टी का स्थायी दफ्तर बनना हम सबके लिए गर्व की बात है। यह भवन उसी इलाके में बना है, जहां हमारे महान नायकों ने सोचा था। 31 दिसंबर 1952 को पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह तय हुआ था। उस दिन की आवाज थी कि इसी क्षेत्र में कांग्रेस मुख्यालय बने। नेहरू की उस ख्वाहिश को आज सोनिया गांधी ने पूरा किया। इसकी आधारशिला 28 दिसंबर 2009 को कांग्रेस के 125वें स्थापना दिवस पर सोनिया गांधी की देखरेख में रखी गई थी। इसलिए हमने उनसे उद्घाटन करने के लिए भी अनुरोध किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई के सबसे कठिन दौर 1920 से 1947 तक कांग्रेस का मुख्यालय इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में स्वराज भवन में था।

## पन्नू प्रकरणः समिति ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट, होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की एक अदालत में दाखिल खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश में एक भारतीय नागरिक के खिलाफ दायर आरोप पत्र को गंभीर मामला बताया है। विदेश मंत्रालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह भारत की नीति नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में न्यूयार्क की अदालत में एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू की हत्या के लिए भाड़े के हत्यारे के जरिए हत्या कराने की साजिश करने का आरोप लगाया गया है। भारत सरकार के एक अधिकारी पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि एक व्यक्ति (निखिल गुप्ता) के खिलाफ अमेरिकी अदालत में दायर मामले को कथित तौर पर एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है। यह चिंता का विषय है। हमने कहा है और दोहराना चाहते हैं कि यह सरकार की नीति के भी विपरीत है।

## 'इंडियन स्टेट' के बयान को लेकर घिरे राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** इंडियन स्टेट को लेकर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी घिरते दिखाई दे रहे है। भाजपा इस बयान को लेकर हमलावर है। बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी का बयान देश को तोड़ने वाला है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने ट्वीट किया कि अब कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई उनके अपने नेता द्वारा उजागर हो गई है।
राहुल गांधी की इस बात के लिए सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही है जो देश जानता है- कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है, जो भारत को बदनाम, अपमानित करना चाहते हैं। उनके बार-बार के कार्यों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है।
उल्लेखनीय है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए एक विवादास्पद बयान दे दिया।



बिहार और मणिपुर के नवनियुक्त राज्यपालों ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट।

## काशी तमिल संगमम का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से होगा शुरू



**पंजीकरण**

▶▶ आईआईटी मद्रास द्वारा होस्ट किया गया पोर्टल एक फरवरी तक पंजीकरण स्वीकार करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** काशी तमिल संगमम (केटीएस) का तीसरा संस्करण उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 15 से फरवरी से शुरू होगा। केटीएस की थीम ऋषि अगस्त्य के दर्शन पर केंद्रित होगी। इसकी मेजबानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास करेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में काशी तमिल संगमम (केटीएस) के तीसरे संस्करण की आधिकारिक घोषणा की और इसके लिए आधिकारिक पंजीकरण पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा होस्ट किया गया पोर्टल एक फरवरी तक पंजीकरण स्वीकार करेगा। मंत्री ने कहा कि 10 दिनों तक चलने वाला केटीएस का यह तीसरा संस्करण 24 फरवरी को समाप्त होगा। प्रधान ने कहा कि इस वर्ष काशी तमिल संगमम का विशेष महत्व है क्योंकि यह महाकुंभ के साथ पड़ रहा है और यह अयोध्या में रामलला की 'प्राण प्रतिष्ठा' के बाद पहला संगम भी है। उन्होंने कहा कि महर्षि अगस्त्य को केंद्रीय विषय और महाकुंभ एवं अयोध्या धाम की पृष्ठभूमि के साथ काशी तमिल संगमम 3.0 एक दिव्य अनुभव प्रदान करेगा तथा हमारी सभ्यता और संस्कृति के दो शाश्वत केंद्रों तमिलनाडु और काशी को पहले से कहीं अधिक करीब लाएगा। प्रधान ने कहा कि काशी तमिल संगमम 3.0 के माध्यम से तमिलनाडु और काशी के बीच के अविभाज्य संबंध जीवंत हो उठेंगे। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि काशी तमिल संगमम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिमाग की उपज है।

## मार्क जुकरबर्ग के बयान पर मेटा ने मांगी माफी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर मार्क जुकरबर्ग के बयान के लिए माफी मांगी। जुकरबर्ग ने यह झूठा दावा किया था कि कोविड 19 के बाद हुए चुनावों में भारत सहित कई देशों में सरकारें सत्ता से बाहर हो गई। बुधवार को सोशल मीडिया में एक पोस्ट के जरिए शिवनाथ ठुकराल ने भारत को मेटा के नवाचारों के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मार्क का यह अवलोकन 2024 के चुनाव में कई मौजूदा दलों को फिर से नहीं चुनने को लेकर सही है लेकिन यह अवलोकन भारत के लिए नहीं था। अनजाने में हुई इस गलती के लिए हम माफी चाहते हैं। भारत मेटा के लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है।

## देश का निर्यात दिसंबर माह में एक फीसदी घटकर 38.01 अरब डॉलर पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर आई है। देश का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक फीसदी घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया है। पिछले साल दिसंबर, 2023 में यह 38.39 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा कम होकर 21.94 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में करीब एक फीसदी घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया है।

## देश 'विकसित भारत' लक्ष्य की ओर बढ़ाः सेनाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुणे।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सेना दिवस परेड 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है।



**जोश हाई**

▶▶ जनरल द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी लेकर सैनिकों में भरा जोश

**जयंती मनेगी** पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा स्थल पर 30 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, स्थल का सौन्दर्यकरण भी होगा

## एमडीयू में पं. श्रीराम शर्मा के नाम पर शोध पीठ की जाएगी स्थापितः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्माण सभा के सदस्य पंडित श्रीराम शर्मा के नाम पर एक शोध पीठ की स्थापना की जाएगी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनके महान योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रदेश में एक विश्वविद्यालय /संस्थान का नाम पंडित श्रीराम शर्मा के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर वर्ष 1 अक्टूबर को उनकी जयंती भी मनाएगी। इस अवसर पर प्रदेश भर के स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, कविता लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे छात्रों को उनके जीवन और विचारों को जानने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा स्थल पर 30 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और उस स्थान के सौंदर्यीकरण करवाने की भी घोषणा की।

पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच द्वारा रखी गई दो अन्य मांगों बहादुरगढ़ में स्थित पंडित श्रीराम शर्मा मेट्रो स्टेशन पर उनकी शौर्यगाथा लिखने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पंडित श्रीराम शर्मा की जीवनी को शामिल करने के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मांगें संबंधित विभागों को भिजवा कर पूरी करवायी जायंगी।

उन्होंने पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच समिति के लिए 21 लाख रुपये के अनुदान की भी घोषणा की, ताकि उनके आदर्शों और मूल्यों के निरंतर प्रचार-प्रसार को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने आज रोहतक में पंडित श्रीराम शर्मा पार्क स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए यह घोषणाएं कीं।



**सम्मान**

▶▶ पंडित श्रीराम शर्मा ने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका

# ताहिर हुसैन के नामांकन दाखिल करने का रास्ता साफ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने एआईएमआईएम उम्मीदवार और 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपित ताहिर हुसैन को दिल्ली विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए कस्टडी पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने प्रशासन को निर्देश दिया कि वो ताहिर हुसैन के नामांकन के लिए जरूरी समन्वय करें ताकि उसके चुनाव लड़ने के अधिकार का उल्लंघन नहीं हो। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 17 जनवरी को नामांकन की अंतिम तिथि है। मतदान 5 फरवरी को और मतगणना 8 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करने हुए कहा था कि ताहिर हुसैन समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा था कि हुसैन का यह कहना की चुनाव लड़ना उनका मौलिक अधिकार है तो चुनाव लड़ना कोई मौलिक अधिकार नहीं है। इसके अलावा वह चाहे तो जेल से भी अपना नामांकन दाखिल कर सकता है। दिल्ली पुलिस ने अपनी इस दलील के समर्थन में अमृतपाल सिंह का उदाहरण दिया। इससे पहले 13 जनवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि अगर आपको केवल नामांकन भरना है तो आप जेल से भी कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान ताहिर हुसैन की ओर से पेश वकील ने कहा था कि सांसद इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी जबकि उनके खिलाफ भी टेरर फंडिंग का मामला चल रहा है। ताहिर हुसैन की ओर से कहा गया था कि उन्हें एक राष्ट्रीय पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। वे अपनी सभी संपत्तियों का विवरण देने को तैयार हैं। उन्हें अपने लिए एक प्रस्तावक भी खोजना है और दिल्ली में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अदालत ने 24 दिसंबर 2024 को आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में ताहिर हुसैन की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। इसी जमानत याचिका में नई याचिका दायर कर ताहिर हुसैन ने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम की ओर से उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद से उम्मीदवार बनाया है। ताहिर हुसैन की ओर से पेश वकील तारा नरूला ने कहा था कि इस मामले में ट्रायल शुरू हो चुका है और अभियोजन पक्ष के 114 गवाहों में से अब तक 20 गवाहों का परीक्षण किया गया है। ऐसे में ट्रायल जल्द पूरी होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा था कि ताहिर हुसैन चार साल नौ महीने से ज्यादा समय से हिरासत में है।

# आतिशी को सरकारी आवास मामले में हाई कोर्ट से राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना पर सक्षम प्राधिकार से मंजूरी लिए बिना ही अपने आवंटित सरकारी आवास को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रहने की अनुमति देने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस विभू बाखरू की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर सक्षम प्राधिकार फैसला लेने के लिए सक्षम हैं और इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। यह याचिका संजीव जैन ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने खुद के लिए आवंटित सरकारी आवास को मनीष सिसोदिया को रहने के लिए दे दिया जबकि मनीष सिसोदिया मंत्रिमंडल के सदस्य भी नहीं हैं। याचिका में कहा गया था कि मनीष सिसोदिया को जब मार्च 2023 में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था उस समय उनका पूरा परिवार उनके लिए आवंटित सरकारी बंगले में ही रह रहा था। ऐसा करना सरकारी बंगलों के आवंटन नियमों का उल्लंघन है खासकर तब जब सिसोदिया ने दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। याचिका में कहा गया था कि सिसोदिया की गिरफ्तारी और उसके बाद मंत्रिमंडल से इस्तीफे के बावजूद उन्हें पहले से आवंटित आवास में उनके परिवार का रहना नियमों का सरासर उल्लंघन है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राजन उर्फ राहुल, पुत्रः** जीत सिंह बहादुर **पताः** मकान नं. I–1475 जहांगीरपुरी, **दिल्ली FIR No. 294/2013, U/S: 379/34 IPC, पुलिस थानाः जनक पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजन उर्फ राहुल,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजन उर्फ राहुल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजन उर्फ राहुल, FIR No. 294/2013, U/S: 379/34 IPC, पुलिस थानाः जनक पुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरजोत सिंह औजला
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
साउथ वेस्ट द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/272/WD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभिषेक शर्मा, पुत्रः** तेजपाल शर्मा, **पताः** एच–12–13, मान सरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR No. 359/2023, U/s 380/120-B/34 IPC,** दिनांक : 16.08.2023, थानाः फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया हैं कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक शर्मा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **IR No. 359/2023, U/s 380/120-B/34 IPC,** थानाः फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अभिषेक शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 38, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/630/SHD/2025
(Court Matter)

## याचिका पर हाई कोर्ट का केंद्र, डीडीए व अन्य को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली की कठपुतली कॉलोनी के निवासियों का मकान तोड़ने के बावजूद उन्हें कोई मकान नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका पर केंद्र सरकार, डीडीए और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि कठपुतली कॉलोनी के निवासियों की झुग्गी 2017 में तोड़ दी गई थी, यह आश्वासन देकर कि उन्हें मकान दिया जाएगा परंतु आज तक उन्हें कोई मकान नहीं दिया गया। याचिका ऑल इंडिया यूथ फाउंडेशन ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि 2017 में झुग्गियां तोड़ते वक्त कॉलोनी के लोगों, डीडीए और रहेजा डेवलपर के बीच एक त्रिपक्षीय करार पर हस्ताक्षर किया गया था।

# तकनीकी उपकरणों के इस्तेमाल पर विचार करे चुनाव आयोगः कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा है कि वह ऐसे तकनीकी उपकरणों के इस्तेमाल पर विचार करे ताकि मतदाता सूची में मतदाताओं के नामों का दोहराव रोका जा सके। कार्यकारी चीफ जस्टिस विभू बाखरु की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली में मतदाताओं के नामों के दोहराव को रोकने की मांग पर ये निर्देश दिया। याचिका राष्ट्रवादी आदर्श महासंघ ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि निर्वाचन आयोग दिल्ली में मतदाता सूची को अपडेट करने में विफल रहा है और दिल्ली की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नामों का दोहराव है। याचिका में कहा गया था कि मतदाता सूची में नामों के दोहराव को फोटो सिमिलर एंट्री (पीएसई) और डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री (डीएसई) जैसे तकनीक का इस्तेमाल कर रोका जा सकता है। निर्वाचन आयोग भी 11 अगस्त 2023 को सभी राज्यों को पत्र लिखकर इस तकनीक के इस्तेमाल की मंजूरी दे चुका है। याचिका में मांग की गई थी कि निर्वाचन आयोग के 11 अगस्त 2023 के पत्र को लागू किया जाए ताकि मतदाता सूची में नामों का दोहराव न हो। सरकार ने निर्वाचन आयोग के इस पत्र पर कोई गौर नहीं किया और इसकी वजह से मतदाता सूची में नामों का दोहराव हो रहा है और इस तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के लिए सभी जरूरी उपायों का पालन किया जा रहा है। सिद्धांत कुमार ने कहा कि नामों के दोहराव को रोकने के लिए तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया गया था, ऐसे में याचिकाकर्ता की मांग का कोई मतलब नहीं रह गया है। उसके बाद हाई कोर्ट ने याचिका का निस्तारण करते हुए निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वो याचिका में उठाए गए मसलों को सही समय पर विचार **करें**।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr. PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रहीशू पुत्र नासिर खान** निवासी : झुग्गी नं. 1303, एच–4, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 529/20 u/s 25/54/59 Arms Act** के अंतर्गत **थाना : महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रहीशू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रहीशू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 529/20 u/s 25/54/59 Arms Act थाना : महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रहीशू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 19.02.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
एलडी. एसीजेएम (एन), कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/578/NW/2025
(court matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद राजू खान पुत्र** याशीन खान, **निवासीः** आरजेड 250 / 251 गली नं0 7, जगदंबा विहार, नई दिल्ली, ने **FIR No. 125/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन सागरपुर, नई दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राजू खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राजू खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 125/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन सागरपुर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राजू खान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0 18, प्रथम तल, मेन बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/657/SW/2025
(Court Matter)


## उत्तर रेलवे
**TENDER NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (**www.ireps.gov.in**) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245725 | JIS.S45C, ISO (45M2) या समतुल्य सामग्री के सिंगल पीस, स्प्रिंग ढाले गए, पुनः प्रयोज्य सेल्फ लॉकिंग स्टील नट (M-27) जो प्रदर्शन आवश्यकताओं को सुनिश्चित करते है, जिससे आर्म के साथ एक बॉक्स रिंच भी शामिल है, प्रत्येक 50 नट के साथ आपूर्ति की जाएगी। धागे की पिच को 28 मिमी नाममात्र व्यास वाले हुक बोल्ट के आइसोमेट्रिक मोट पिच स्क्रू धागे से मेल खाना चाहिए जैसा कि आरडीएसओ ड्राइंग संख्या में दिया गया है। आरडीएस)/बी–1636/5 जिसमें तृतीय अप्रैल निरीक्षण और आरडीएसओ विनिर्देश पत्र संख्या के अनुसार उल्लिखित अन्य सभी तकनीकी विशिष्टताएं शामिल हैं। सीबीएस/सेल्फ लॉकिंग नट दिनांक 16.03.2023 (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टरः नहीं, स्टेजः 0) यूवीएएम लिंकिंग आइटम प्रकारः माल | 2936 Nos. | 13.02.2025 एवं 11:00 hrs | 126360.00 |
| 2 | | आकार 25 लॉक विनिर्देशों एसपी 25 पिच 3 एचएनः 22बीएन.38.0सीएन.43.5एलएनः 38 सामग्री एसटीएस, एस45सी, एससीएम, प्लेटिंग इलेक्ट्रो जिंक प्लेटिंग पिघला हुआ ऐनक, निकिल, क्रोम, जिंक पाउडर प्लेटिंग टेंडर के लिए स्प्रिंग डाला गया पुनः प्रयोज्य नट NAS3350 कंपन संलग्न करना चाहिए निविदा के साथ परीक्षण प्रमाणपत्र और ओईएम प्रमाणपत्र। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टरः नहीं, स्टेजः 0) यूवीएएम लिंकिंग आइटम प्रकारः माल | 456 Nos. | | |

Note: -1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice सं0 98245725 Dated: 15.01.2025 163/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बदली गई मोटापे की परिभाषा, अब दो स्टेज से होगा इसका आकलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत में अब मोटापे की परिभाषा को बदला गया है। पहले सिर्फ बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) से मोटापे का पता चलता था, लेकिन अब इसके लिए दो स्टेज निर्धारित किए गए हैं। नेशनल डायबिटीज ओबेसिटी एंड कोलेस्ट्रॉल फाउंडेशन (एन-डॉक), फोर्टिस अस्पताल और एम्स दिल्ली ने मोटापे की परिभाषा को नए सिरे से परिभाषित किया है। इसका मकसद भारतीयों में मोटापे से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों को बेहतर ढंग जानने और सही इलाज करना है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने बुधवार को नई परिभाषा जारी करते हुए बताया कि मोटापे को अब दो स्टेज के हिसाब से परिभाषित किया गया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सहज चौहान** पुत्र नरेन्द्र चौहान निवासी मकान नं. 20, सेक्टर–46, फरीदाबाद, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट 006479/16 धारा 379/411/482/34 भा.द.स. थाना सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सहज चौहान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सहज चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट 006479/16 धारा 379/411/482/34 भा.द.स. थाना सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सहज चौहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.02.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री वैभव कुमार,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
कमरा नं. 13, प्रथम तल,
पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

DP/616/SW/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भाग सिंह पुत्र फूल सिंह** निवासी VPO बरना, तहसील–थानेसर, जिला–कुरुक्षेत्र, हरियाणा ने **FIR. No. 118/19 U/S 33, 38 DE Act.,** के अंतर्गत थानाः **गुलाबी बाग,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भाग सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **भाग सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 118/19 U/S 33, 38 DE Act.,** थानाः **गुलाबी बाग,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **भाग सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
तानिया सिंह, ACJM,
कमरा नंबर 296A, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/610/N/2025

# चार किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिम जिला पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपित अनिल कुमार और रंजन कुमार के पास से पुलिस ने 4 किलो से अधिक गांजा और एक बाइक बरामद की है। फिलहाल दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इंस्पेक्टर राजेश मौर्य की टीम को तिलक नगर के नाला रोड पर गांजा सप्लाई के लिए दो तस्करों के आने की खबर मिली।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# नरेला से भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री ने भरा नामांकन









## भारी जनसमूह के बीच नामांकन स्थल पहुंचे राजकरण खत्री, राजकरण खत्री जिंदाबाद के लगे नारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री ने पूरे गाजे-बाजे का साथ नामांकन फॉर्म भरा। इस मौके पर भारी संख्या में जनसमूह राजकरण खत्री के साथ कदमताल करता दिखा। पूरा नरेला भगवामय नजर आ रहा था। हर कोई राजकरण खत्री जिंदाबाद के नारे लगा रहा था।

**नामंकन से पूर्व राजकरण खत्री ने लिया बड़े-बुजुर्गों का आशीवार्द:** भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री ने नामांकन से पूर्व विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। राजकरण खत्री ने इसके उपरांत घर के बड़-बुजुर्गों से जीत का आशीर्वाद लिया। लोगों ने भी दिल खोलकर राजकरण खत्री को जीत का आशीर्वाद दिया।



**कार्यकर्ताओं का प्यार देखकर भावविभोर हुए राजकरण :** इस विशेष मौके पर राजकरण खत्री ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका प्यार पाकर मैं निशब्द हूं। मैं भाजपा का मामूली कार्यकर्ता हूं और शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर भरसक खरा उतरने का प्रयास करूंगा। नरेला विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है। यहां की परेशानियों से मैं भली-भांति वाकिफ हूं। मैं पहले भी यहाँ से पार्षद रहा हूँ। अगर नरेला की देवतुल्य जनता मुझे अपने बहुमूल्य वोट दे कर विजयी बनाती है तो मैं वादा करता हूं विकास का पहिया क्षेत्र में रूकेगा नहीं।



**नरेला में करूंगा विकास कार्य, 12 साल का खत्म करूंगा वनवास:** राजकरण खत्री ने कहा कि नरेला की जनता-जर्नादन के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से नरेला विधानसभा सीट से जीत दर्ज कर नरेला में कमल का फूल खिलाऊंगा और पिछले 12 वर्षों से जो विकास कार्य ठप पड़े हैं। मैं उनको खत्म करूंगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।



# आदर्श नगर: समर्थकों के जनसमूह के बीच शिवांक सिंघल ने भरा नामांकन

- गाजे-बाजे और भारी समर्थकों की मौजूदगी में भरा नामांकन पत्र
- पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल की रही मौजूदगी
- नामांकन से पूर्व शिवांक ने कहा जो वादा किया है पूरा करूंगा












**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सरगर्मियां बढ़ गई है। विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन भरना शुरू कर दिया है। पूरे लाव-लश्कर के साथ प्रत्याशी नामंकन भरने जा रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल भी गाजे-बाजे और समर्थकों के साथ नामांकन फार्म भरने रवाना हुए।

**बड़े-बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद:** शिवांक सिंघल ने नामांकन फॉर्म भरने से रवाना होने से पहले घर को बड़े-बुजुर्गों का आशीवाद लिया, वहीं मंदिर में भी भगवान की दर पर माथा टेका। इस मौके पर भारी संख्या में समर्थक शिवांक सिंघल के साथ रवाना हुए। शिवांक सिंघल के साथ समर्थकों का सैलाब देखा जा रहा था। कोई साईकिल पर तो कोई ई- रिक्शा पर शिवांक को समर्थन देने पहुंचा। शिवांक सिंघल की नामांकन रैली भव्य साबित हुई। लोग घरों से शिवांक सिंघल पर फूलों की बारिश कर रहे थे।

**दादाजी मंगतराम सिंघला का मिला आशीर्वाद:** कांग्रेस के दिग्गज नेता और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की सियासत की नब्ज पकड़ने वाले पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने अपने पोते शिवांक सिंघल को जीत का आशीर्वाद दिया, वहीं नामांकन फॉर्म भरने वाली टीम के साथ मंगतराम सिंघल मौजूद रहे और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते रहे।



**नामांकन से पूर्व क्या कहा शिवांक सिंघल ने:** नामांकन से पूर्व शिवांक सिंघल ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं और मैं आप सबसे वादा करता हूं कि जो भी वादे मैं क्षेत्र की जनता से किए हैं, उसको चुनाव जीतने के बाद समयबद्ध तरीके से अमलीजामा पहनाऊंगा।

शिवांक ने कहा कि दिल्ली का असली विकास कांग्रेस ने ही किया है। आप सभी कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ हैं। आप सभी को पता है कि कांग्रेस जो कहती है वो पूरा करती है। कांग्रेस ने जो भी वादे दिल्ली की जनता से किए हैं, उन सभी पर खरे उतरेंगे और एक बार फिर दिल्ली में विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

**मंगत राम सिंगल ने साधा आप-बीजेपी पर निशाना:** पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने भी नामांकन रैली के दौरान आप-बीजेपी को आड़े हाथों लिया। मंगतराम सिंघल ने कहा कि आप और केंद्र की नूराकुश्ती के खेल में दिल्ली की जनता पिस रही है। सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं, लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। सिर्फ हवा-हवाई दावे किए जा रहे हैं। तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार ने भी केंद्र में बीजेपी सरकार शासित होने के बावजूद समन्वय बैठा कर सरकार चलाई थी और दिल्ली के विकास में चार चांद लगा दिए थे। दिल्ली में मेट्रो प्रोजेक्ट शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हुआ था। इस बार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी।









# संस्थान का नाम पं. श्रीराम शर्मा के नाम पर रखा जाएगा: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्माण सभा के सदस्य पंडित श्रीराम शर्मा के नाम पर एक शोध पीठ की स्थापना की जाएगी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनके महान योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रदेश में एक विश्वविद्यालय /संस्थान का नाम पंडित श्रीराम शर्मा के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर वर्ष 1 अक्टूबर को उनकी जयंती भी मनाएगी। इस अवसर पर प्रदेश भर के स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, कविता लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे छात्रों को उनके जीवन और विचारों को जानने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा स्थल पर 30 फीट




ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और उस स्थान के सौंदर्यीकरण करवाने की भी घोषणा की। पंडित श्रीराम

**सम्मान**

**प्रदेश भर के स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, कविता लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी**

शर्मा विचार मंच द्वारा रखी गई दो अन्य मांगों बहादुरगढ़ में स्थित पंडित श्रीराम शर्मा मेट्रो स्टेशन पर उनकी शौर्यगाथा लिखने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पंडित श्रीराम शर्मा की जीवनी को शामिल करने के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मांगें संबंधित विभागों को भिजवा कर पूरी करवायी जायंगी। उन्होंने पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच समिति के लिए 21 लाख रुपये के अनुदान की भी घोषणा की, तांडित श्रीराम शर्मा विचार मंच समिति के लिए 21 लाख रुपये के अनुदान की भी घोषणा की, ताकि उनके आदर्शों और मूल्यों के निरंतर प्रचार-प्रसार को बढ़ावा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने आज रोहतक में पंडित श्रीराम शर्मा पार्क स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए यह घोषणाएं कीं। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत के स्वतंत्रता संग्राम, संविधान निर्माण और स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। पंडित श्रीराम शर्मा को एक सच्चा देशभक्त, सम्मानित राजनेता, समाज सुधारक और गांधीवादी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान सभा के सदस्य के रूप में उन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले

# हरियाणा में कम किए जाएंगे 1500 बोझिल अनुपालन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में कारोबार में सहूलियत को बढ़ावा देने के लिए दिसंबर 2025 तक 1500 बोझिल अनुपालन कम करने और अधिनियमों/नियमों/जांच सूचियों के तहत 50 प्रावधानों (कारोबार और नागरिक) को अपराध-मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी आज यहां मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कारोबार सुधार कार्य बिंदु (बी.आर.ए.पी.) एजेंडा और अनुपालन बोझ कम करने (आर.सी.बी.) के कार्यान्वयन तथा प्रस्तुतिकरण हेतु एक समीक्षा बैठक में दी गई। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि कारोबार सुधार कार्य बिंदुओं के सफल कार्यान्वयन में हितधारकों की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण है। इसलिए सुधार कार्य योजना हेतु इनपुट मांगने की प्रक्रिया में विभाग अपने हितधारकों को

**सहूलियत**

**कार्य बिंदु एजेंडा और अनुपालन बोझ कम करने के कार्यान्वयन तथा प्रस्तुतिकरण हेतु एक समीक्षा बैठक में दी गई**

शामिल करें। उन्होंने विभागों को निर्देश दिये कि कार्यों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा का पालन किया जाए। मुख्य सचिव ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को निर्देश दिए कि व्यापार सुधारों पर सुझावों के लिए उपायुक्तों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने हारट्रोन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी नागरिकों को हिंदी में भी उपलब्ध हो, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकें।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व जस्टिस एच.एस. भल्ला ने संभाला हरियाणा ओलंपिक संघ के प्रशासक का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एच.एस. भल्ला ने हरियाणा ओलंपिक संघ के प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जस्टिस भल्ला वर्तमान में हरियाणा सेकंड लॉ कमीशन के अध्यक्ष भी हैं। उनका यह नियुक्ति आदेश हाल ही में जारी किया गया था। जस्टिस भल्ला की जिम्मेदारी के तहत हरियाणा की खेल टीमें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के तत्वावधान में आयोजित खेल आयोजनों में भाग लेंगी। इस कदम से हरियाणा में खेल गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। प्रशासक के रूप में जस्टिस भल्ला की नियुक्ति से खेल संघों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होने की संभावना है। हरियाणा ओलंपिक संघ का यह नया प्रबंधन खेलों के विकास के साथ खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 17 जनवरी को प्रदेशभर में होगा संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत 17 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे प्रदेशभर में संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सभी जिलों के लघु सचिवालयों व अन्य कार्यालयों के साथ-साथ सभी सरकारी तथा निजी विद्यालयों महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और स्थानीय निकायों (ग्राम पंचायतों नगरपालिकाओं, नगर परिषदों और नगर निगमों) में आयोजित किया जाएगा। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी प्रशासकीय सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों व मुख्य प्रशासकों, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, निगमायुक्तों, उप मंडल अधिकारियों (नागरिक) और जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को इस आशय का एक पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा देश का संविधान अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर, 2024 से सालभर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरूआत की गई है। यह निर्णय हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धान्तों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दशार्ता है। इन समारोहों का उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुये संविधान निमार्ताओं का सम्मान करना है। संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम भी इसी कड़ी में आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से संविधान प्रस्तावना के पोस्टर का डिजाइन अलग से भेजा जा रहा है। इसे फ्रेम करवाकर सभी सरकारी और निजी विद्यालयो. महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरपालिकाओं, नगर परिषदों और नगर निगमों में कार्यक्रम की निश्चित तिथि यानी 17 जनवरी से पहले लगवाया जाए। इसके अलावा, इन सभी कार्यक्रमों/गतिविधियों की रिपोर्ट फोटो/वीडियो सहित केन्द्र सरकार की वैब साइट्स पर अपलोड करने के साथ-साथ सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा की ई-मेल आईडी पर भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

### धुंध में ट्रैक्टर-ट्राली पलटे, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ -चंदावली रोड पर धुंध के कारण असंतुलित होकर ट्रैक्टर-ट्राली पलट गए। हादसे में ट्राली के अन्दर बैठे महेश (40) की नीचे दबकर मौत हो गई जबकि चालक के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। महेश के भाई गंगाराम ने बताया कि महेश के परिवार में 6 बेटियां हैं। महेश बेलदारी का काम करता था। बुधवार की सुबह करीब 8 बजे वह ट्रैक्टर से भट्टे से ईंट लेने के लिए चंदावली की तरफ जा रहा था। महेश ट्राली में अकेला बैठा हुआ था जबकि ट्रैक्टर को दूसरा शख्स चला रहा था। चंदावली रोड पर ज्यादा धुंध होने के कारण ट्रैक्टर का पहिया गड्ढे में चला गया, जिससे ट्रेक्टर-ट्राली दोनों पलट गए। ट्राली में बैठे महेश को भागने तक का मौका नही मिला और नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। महेश जिला छाता, गांव धर्मपुरा यूपी का निवासी था। पिछले कई सालों से वह बल्लभगढ़ की डबुआ कालोनी में अपने परिवार के साथ रह रहा था। शहर थाना पुलिस जांच अधिकारी असर खान ने बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

# गौवंश को वध के लिए यूपी ले जा रहा पशु तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** चीका पुलिस ने कैंटर में ठूंस कर गौवंश को वध के लिए उत्तर प्रदेश ले जा रहे पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने पांच सांड, तीन गाय, दो बछड़े व तीन बछड़ी बरामद की है। अदालत ने पशु तस्कर को पुलिस रिमांड पर भेजा है। ? चीका पुलिस के एएसआई लखविंदर सिंह को सूचना मिली थी कि गोपालपुरी लुधियाना निवासी दर्शन खान सफेद रंग के कैंटर में गायों को लोड कर-के वध के लिए यूपी ले जा रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने भागल चौकी के आगे सडक पर बैरीगेटस लगाकर नाकाबन्दी कर दी। कुछ देर बाद चीका की तरफ से एक सफेद रंग का कैंटर आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ के बाद कैंटर चालक ने अपना नाम दर्शन खान पुत्र बदरू खान गोपालपुरी लुधियाना बताया। कैंटर के ऊपर लगी तिरपाल को हटाकर जब जांच की गई तो उसमें उसमे पांच सांड, तीन गाय, दो बछड़े व तीन बछड़ी सहित 13 पशु बरामद हुए। जिनको मुंह से मुरी डालकर निर्दयतापूर्वक बांधा गया था। पुलिस ने हरियाणा गौवंश संरक्षण तथा गौसवर्धन अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पशु तस्कर दर्शन खान को गिरफ्तार कर लिया।

# बडोली और रॉकी मामले की गवाह ने मामले को झूठ बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और सिंगर रॉकी मित्तल पर गैंगरेप का आरोप लगाए जाने के मामले में मोड़ आ गया है। मामले की एफ आई आर में चश्मदीद गवाह बताई गई महिला ने कुछ भी देखे जाने से इनकार किया है। गवाह ने कहा कि मेरी दोस्त और-उसके बॉस मिले हुए है।, मेरे सामने कुछ नहीं हुआ। अगर रेप किया गया होता तो चिल्लाती नहीं।

पंचकूला में मीडिया से बातचीत में गैंगरेप पीड़िता की सहेली ने कहा कि साल 2023 के शुरू में महिला से मुलाकात हुई थी। वह कसौली के होटल में सिर्फ सिंगर रॉकी मित्तल से मिली थी। वह न तो मोहन बड़ौली को जानती है और न ही उसने उन्हें

**गवाही**

**मैं, मेरी दोस्त और उसका बॉस एक ही कमरे में थे। हमने थोड़ी सी बात की और फिर सो गए थे**

वहां देखा।मुझे तो केस दर्ज होने के बाद पता चला कि मुझे गवाह बनाया है। इनका कुछ इश्यू है। इन्होंने कहा कि इन्हें पैसे मिलेंगे और एक यह कि फ्रेंड के बॉस (अमित बिंदल) को चेयरमैनशिप की टिकट मिलेगी।सहेली ने कहा कि अगर इतने बड़े होटल में गैंगरेप होता तो क्या वह चिल्लाती नहीं। आसपास के लोगों को पता नहीं चलता। यह पूरा मामला झूठा है। महिला ने कहा कि मैं काम से थोड़ा फुर्सत में थी। मेरी दोस्त ने कहा कि चलो घूमने चलते हैं। मैं, मेरी दोस्त और उसके बॉस कसौली घूमने गए थे। कसौली पहुंचने के बाद वहां हम घूमे थे। मामले में जिनका नाम है रॉकी मित्तल, वो वहां हमें मिले थे। क्योंकि वो सिंगर हैंउनके काफी सॉन्ग हैं यूट्यूब पर। उनसे थोड़ी सी बातचीत हुई थी। उसके बाद उनसे हमारी कोई बातचीत नहीं हुई। मैं, मेरी दोस्त और उसका बॉस एक ही कमरे में थे। हमने थोड़ी सी बात की और फिर सो गए थे। उसके बाद सुबह हम वहां से निकल गए थे। वहां कुछ नहीं हुआ, बाद में एफ आई आर से पता चला। महिला ने कहा कि सब कुछ सामान्य था। वहां पर कुछ भी ऐसे नहीं था। उसके बाद मेरा इनसे कोई संपर्क नहीं था, क्योंकि मैं व्यस्त रहती हूं। मैं खुद जॉब करती हूं। अचानक मेरे पास ये सब चीजें आईं। मतलब कि उन्होंने कोई एफ आई आर दर्ज कराई है, जिसमें उसका रेप हुआ है। कल ये सब मैंने सुना। इसके बाद मैं यहां आई हूं। जो ये चीजें फैलाई जा रही हैं, ये सब झूठ है। उसने कहा कि एफ आई आर में मेरा नाम गवाह के तौर पर दिया हैं। मैंने साफ मना कर दिया। क्योंकि इनका कुछ इश्यू है। इन्होंने कहा कि इन्हें पैसे मिलेंगे और एक यह कि दोस्त के बॉस को टिकट मिलेगी, चेयरमैनशिप की। मेरा दूर तक कुछ भी लेना देना नहीं है। मेरा जो नाम दिया गया है वो सब झूठ है। मुझे पुलिस ने बहुत बार बुलाया था, लेकिन जब कुछ है ही नहीं तो मैं क्यों आती कसौली।

# खाली पड़े पैक हाउस कम 'कोल्ड स्टोर' को फिर से शुरू किया जाए : कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा निर्मित खाली पड़े "पैक हाउस कम कोल्ड स्टोर" का बागवानी विभाग के सहयोग से फिर से परिचालन शुरू किया जाए ताकि किसानों को अपने फल एवं सब्जी का संरक्षण करने में आसानी हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने मार्किट कमेटी डबवाली के अंतर्गत आने वाले खरीद केन्द्र अबूबशहर में किन्नू फल व सब्जी मण्डी स्थापित

**परिचालन**

**"पैक हाउस कम कोल्ड स्टोर" का बागवानी विभाग के सहयोग से परिचालन शुरू किया जाए**

किये जाने के बारे में भी चर्चा की। इससे अबूबशहर के आस पास के किसानों को विशेष लाभ होगा। राणा आज यहां अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजा शेखर वुंडरू , हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश आहूजा, महानिदेशक डॉ रणवीर सिंह भी उपस्थित थे। श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को प्रदेश सरकार के 100 दिन के एजेंडे पर रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार के गठन के बाद अक्टूबर में तैयार किए गए 100 दिन के रोडमैप पर फीडबैक लेने के लिए वह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं।

# फरीदाबाद में नई सड़क के निर्माण को सीएम सैनी ने दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
आगरा नहर सेक्टर-8 से गांव घरोरा तक चार लेन सड़क का किया जाएगा निर्माणफरीदाबाद, 15 जनवरी (हि.स.)। जिला फरीदाबाद के तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आगरा नहर सेक्टर 8 से गांव घरोरा तक एमआईटीसी मुख्य चैनल के उपलब्ध आरओडब्ल्यू के भीतर चार लेन सड़क का निर्माण किया जायेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क के निर्माण के लिए भारत सरकार के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर और पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा तथा आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी।

# कड़ाके की ठंड में नवजात बच्ची को गली में फेंका



**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** सफीदों नगर की आदर्श कॉलोनी में एक कलयुगी महिला अपनी नवजात बच्ची को गली में सरेआम मरने के लिए फेंक दिया। सूचना पाकर सिटी थाना पुलिस कॉलोनी में पहुंची और एंबुलेंस को बुलाकर बच्ची को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही थी। जैसे ही घटना की सूचना मिली तो गली में हडकंप मच गया और काफी तादाद में कालोनी वासी मौके पर जमा हो गए। हर कोई इस कृत्य की भर्त्सना कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार नगर की आदर्श कॉलोनी में एक महिला सीमा को घर की खिड़की से अल सुबह एक बच्ची की रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज को सुनकर सीमा बाहर आई तो उसने देखा कि गली में खड़ी एक रिक्शा बाइक के नीचे कपड़े में लिपटी खून से लथपथ एक बच्ची रो रही

**जांच जारी**

**पुलिस कॉलोनी में पहुंची और एंबुलेंस को बुलाकर बच्ची को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया**

है और उसके चारों ओर कुत्ते मंडरा रहे थे। बच्ची का रो रोकर बुरा हाल था। महिला ने तत्काल लड़की को वहां से उठाया और अपने घर पर लेकर आई। उसने उसके कपड़े बदले तथा उसे दूध पिलाकर शांत करवाया। उसके बाद उसने इसकी सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाकर नवजात बच्ची को सफीदों के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर में उसकी उसका निरीक्षण किया। लड़की की हालत बेहतर बताई जा रही है।

# फरीदाबाद के प्रतापगढ़ में कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद: नगर** निगम प्रशासन ने आज करीब एक महीने से प्रतापगढ़ में बंद पड़े कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कर दिया है। बुधवार की सुबह जॉइंट कमिश्नर नगर निगम एनआईटी जितेंद्र गर्ग,जॉइंट कमिश्नर ग्रेटर फरीदाबाद द्वेजा और कार्यकारी अभियंता पदम भूषण पुलिस दलबल के साथ प्रतापगढ़ कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कराने के लिए पहुंचे, स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद आखिर यह यूनिट शुरू करा दी गई है। बता दें कि लगभग 1 महीने से यह कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट प्रतापगढ़ और उसके आसपास के निवासियों के विरोध के चलते बंद पड़ी हुई थी



लेकिन अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद बावजूद इस प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कराया और स्थानीय निवासियों को समझाया कि यह कूड़ा डंपिंग यार्ड नहीं है बल्कि प्रोसेसिंग यूनिट है जहां कूड़ा आकर के उसका निस्तारण किया जाता है । मौके पर मौजूद जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग ने लोगों को समझाया कि पर्यावरण के नियमों को ध्यान में रखते हुए यह यूनिट चलाई जाएगी। लोगों का विरोध था कि यहां गंदगी फैलेगी और बदबू और बीमारियां फैलेंगी लेकिन इस यूनिट के लगने के बाद यहां कूड़े का ढेर नहीं बल्कि उसे कूड़े को आधुनिक तकनीक से प्रोसेस किया जाएगा, उसका निस्तारण किया जाएगा। बता दे की इस कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट बंद होने से शहर में कूड़े के उठान में दिक्कत आ रही थी। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम कमिश्नर और सभी अधिकारियों के साथ इस विषय को लेकर मीटिंग की भी इच्छा जताई थी इसलिए कल 16 जनवरी को सुबह 11:00 बजे स्थानीय निवासियों के साथ मीटिंग मुख्यालय फरीदाबाद में की जाएगी।

# वीएलडीए की सभी जायज मांगों को पूरा किया जाएगा : श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरिंग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वीएलडीए (वैटरनरी एंड लाइव स्टॉक डेवलपमेंट असिस्टेंट) की सभी जायज मांगों को पूरा किया जाएगा। आज वे यहां वैटरनरी एंड लाइव स्टॉक एक्सटेंशन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे थे। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया , निदेशक डॉ एलसी रंगा भी उपस्थित थे। पशुपालन एवं डेयरिंग मंत्री को एसोसिएशन के

**आश्वासन**

**आगामी ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव में सभी वीएलडीए की भागीदारी करवाने जैसी मांगों पर भी चर्चा की गई**

प्रतिनिधिमंडल में शामिल शील सांगवान एवं बिजेंद्र सिंह ने बताया कि वीएलडीए का पदनाम बदल कर वैटरनरी एंड लाइव स्टॉक एक्सटेंशन ऑफिसर करने की मांग काफी समय से लंबित है जिस पर मंत्री ने इस बारे में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, बैठक में डिप्लोमा वेटरनरी कॉउंसिल का गठन करने , वीएलडीए के सातवें वेतन आयोग के अनुसार ग्रेड-पे देकर एसीपी लागू करने तथा आगामी ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव में सभी वीएलडीए की भागीदारी करवाने जैसी मांगों पर भी चर्चा की गई। पशुपालन एवं डेयरिंग मंत्री श्याम सिंह राणा ने वैटरनरी एंड लाइव स्टॉक एक्सटेंशन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों की जांच - पड़ताल करवा कर उचित मांगों को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

# भारतीय डाक विभाग ने हरियाणा में चलाई बीमा योजना

## सालाना मात्र 565 रुपए में 10 लाख का दुर्घटना बीमा, एक लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक। भारतीय** डाक विभाग की ओर से सालाना 565 रुपये में 10 लाख रुपये और 345 रुपए में 5 लाख की दुर्घटना बीमा योजना चलाई है। इस योजना को जिले के प्रत्येक गांव के प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए रोहतक डाकघर द्वारा शुरूआत की गई है। रोहतक डाक अधीक्षक दिनेश कुमार ने बुधवार को बताया कि भारतीय डाकघर ने अपने ग्राहकों के लिए 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा की विशेष योजना निकाली है, जिसके तहत 565 रुपये प्रति वर्ष अदा कर इस योजना का लाभ उठा सकते है। इस बीमा योजना का लाभ लेने के लिए 18 से 65




वर्ष की आयु होनी चाहिए, जिसकी राशि 10 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसी भी प्रकार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये की बीमा राशि मिलती है। इसके अलावा दुर्घटना में गंभीर घायल होने पर एक लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में करवा सकते हैं। इस बीमा योजना के तहत स्थायी विकलांगता में 10 लाख रुपए और स्थायी आंशिक विकलांगता पर प्रतिशत आधार पर, आईपीडी के तहत एक लाख रुपये, 15 दिनों तक अस्पताल के 500 रुपये प्रतिदिन तक का खर्चा, हड्डी टूटने पर एक लाख रुपये, बाल शिक्षा के तहत बीमित सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर अधिकतम दो बच्चों के लिए 50 हजार से एक लाख रुपये तक के लाभ मिलते हैं। डाक अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि अन्य

**शांति**

**आंशिक एवं पूर्ण विकलांगता पर पूर्ण बीमा राशि की सहायता, मृत्यु होने पर बच्चों की पढ़ाई का खर्चा**

बीमा योजना के तहत सिर्फ मौत होने पर ही बीमित व्यक्ति के परिजनों को लाभ मिलता है, लेकिन डाक विभाग की इस योजना के तहत बीमित व्यक्ति की मौत होने के अलावा गंभीर घायल होने पर भी इस योजना का लाभ मिलता है। इसके तहत व्यक्ति को सिर्फ 1.55 रुपये प्रति दिन देना होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना की जानकारी प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांव स्तर पर डाकघरों में विशेष रूप से यह जानकारी दी जाएगी। योजना के अनुसार स्वास्थ्य टेली सलाह, 15 प्रतिशत फामेर्सी में छूट का लाभ भी दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संघ ने मनाया थल सेना दिवस का अमृत महोत्सव

## राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संघ ने मनाया थल सेना दिवस का अमृत महोत्सव

**श्रद्धांजलि**

भारत-चीन युद्ध, भारत-पाक युद्धों तथा अन्य सैनिक आप्रेशनों में शहीद हुए युद्धवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संघ ने आज थल सेना दिवस का अमृत महोत्सव मनाया। संघ प्रमुख राजबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में मुख्यालय शाखा के पदाधिकारियों सुबेदार बलराज सिंह, नायक चंद्रभान, नायक सतबीर सिंह नरवाल, पैटी आफिसर आरके सिंह, कैप्टन महिपाल सिंह, नायब सुबेदार जयभगवान, नायब सुबेदार ऋषिपाल, हवलदार भगत सिंह बिष्ट, हवलदार जोगिन्द्र पाल, जेडब्ल्यूओ रमेश नरवाल तथा फ्लाईट लैफ्टिनैन्ट धर्मवीर सिंह सन्धू ने स्थानीय कर्ण पार्क में स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर भारत-चीन युद्ध, भारत-पाक युद्धों तथा अन्य सैनिक आप्रेशनों में शहीद हुए युद्धवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ प्रमुख एवं



उपस्थित पदाधिकारियों ने थल सेना के जवानों, अधिकारियो एवं पूर्व सैनिको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पूर्व सैनिक संघ प्रमुख राजबीर सिंह चौहान ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का दिन हमारे वीर सैनिकों की बहादुरी, त्याग एवं बलिदान को सलाम करने का दिन है। उन्होंने कहा कि जब देशभक्त सैनिक भीषण कड़ाके की ठंड में रात को देश की सीमाओं पर जागता है, तब देश सुख-चैन की नींद सोता है। हमारा देश आज भारतवर्ष की सशस्त्र सेनाओं के बहादुर सैनिकों और सैन्य अधिकारियों के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेनाओं के प्रति सद्भावना, पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक-वन पैंशन लागू करने तथा देश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु शुरू की गई अग्निवीर सैनिक भर्ती योजना हेतू उनका आभार व्यक्त किया। इस संदर्भ में उन्होंने देश के युवाओं को आह्वान किया कि वे अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए अग्निवीर भर्ती को अपनी पहली पसन्द के तौर पर अपनाएं, जिसकी बदौलत उन्हें चार साल की सेवा करने के बाद भारी आर्थिक लाभ एवं पुनः नौकरी पाने के लिए अनेकों अवसर प्राप्त होंगे।

# बीजना गांव में पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहराया

**अवैध**

पुलिस और राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में कब्जे वाली जमीन छोडकर बाकी हिस्से पर निर्माण शुरू किया था



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बीजना गांव में पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया। कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य के दौरान आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया और हथियार लेकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस और राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में कब्जे वाली जमीन छोडकर बाकी हिस्से पर निर्माण शुरू किया था, लेकिन अगले दिन आरोपियों ने काम रुकवाने के लिए हमला कर दिया। गनीमत रही किसी को कोई चोट नहीं आई। ईंट पत्थर फेंकते हुए का एक वीडियो भी सामने आया है। सरपंच प्रतिनिधि की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुनील त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में स्थित कश्यप चौपाल के पास की जमीन पंचायत की है, जिसमें से 6 मरले पर पहले से कब्जा किया हुआ है। पंचायत ने जमीन पर कम्युनिटी हॉल बनाने की प्लानिंग बनाई थी। जब जमीन की निशानदेही लेकर काम शुरू किया गया, तब अनिल कुमार ने कोर्ट में झूठे तथ्यों के आधार पर दावा किया। कोर्ट ने उसका दावा खारिज कर दिया और मामला अतिरिक्त जिला कोर्ट में अपील में है। हालांकि अपील में कोई स्टे ऑर्डर नहीं है। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी को पुलिस और राजस्व विभाग अधिकारी की मौजूदगी में पंचायत ने कब्जे वाली 6 मरले जमीन छोडकर बाकी हिस्से पर निर्माण शुरू करवाया, लेकिन 14 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे जब मजदूर काम कर रहे थे तो आरोपियों ने अपनी छत से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।

# कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर टकराई 8 गाड़ियां

**बाल-बाल बचे**

ऑटो पलटते-पलटते बचा। प्राइवेट स्कूल की बस और एक ट्रेवलर भी हादसे का शिकार हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नेशनल हाइवे-44 पर घना कोहरा छाया रहा। कोहरे में विजिबिलिटी बहुत कम होने के कारण 8 वाहन आपस में टकरा गए। एक ट्राले ने ऑटो को साइड मार दी, जिससे ऑटो पलटते-पलटते बचा। वहीं एक प्राइवेट स्कूल की बस और एक



ट्रेवलर भी हादसे का शिकार हुए। दुर्घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुई, लेकिन किसी में भी कोई गंभीर हताहत नहीं हुआ।

वहीं डीएसपी मनोज कुमार ने मधुबन थाना में हाइवे अथॉरिटी को तलब किया और हाइवे पर सुरक्षा संबंधी इंतजाम करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी हिदायत दी कि हाइवे अथॉरिटी की लापरवाही के कारण कोई हादसा होता है तो अथॉरिटी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हाइवे पर कंबोपुरा के पास पूल का निर्माण कार्य चल रहा है। सडक के किनारे ठेकेदार ने मिट्टी के ढेर लगाए हुए हैं। सुबह करीब 7 बजे घना कोहरा होने के कारण ड्राइवर को ढेर नजर नहीं आया और ट्रेवलर मिट्टी पर चढ़ गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार भी ट्रेवलर से टकरा गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दूसरी घटना में एक ट्राला अनियंत्रित होकर स्कूल बस से टकरा गया। बस में प्राइवेट स्कूल के कई टीचर्स बैठे थे। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कोई भी घायल नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इससे पहले ट्राले ने एक ऑटो को भी साइड मारी थी। ऑटो में घरौंडा की एक राइस मिल के कर्मचारी बैठे थे।

# नशा संबंधी मामलों में सजा सुनाने में 87.25 प्रतिशत रही औसतन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला न्यायवादी डा.पंकज सैनी ने बताया कि सरकार प्रदेश को नशा मुक्त बनाने एवं समाज को नशे की लत से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से नशा कानूनों को सख्ती से लागू कर रही है। इस दिशा में एनडीपीएस एक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में करनाल जिला की नशा संबंधी मामलों में सजा सुनाने में 87.25 प्रतिशत औसत रही है। एनडीपीएस एक्ट की जनवरी से दिसंबर 2024 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार अतिरिक्ति जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील गर्ग ने इस दौरान 51 एनडीपीसी एक्ट से संबंधी मामलों की सुनवाई करते हुए सभी 60 आरोपियों को सजा सुनाई है। 51 केसों में से, 51 केसों में ही सजा सुनाने से उनका औसतन शत-प्रतिशत रहा है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा रजनीश कुमार, एडीजे ने 23 केसों में 16 केसों में, अनिल कुमार, एडीजे ने 44 केसों में 38 केसों में, मोहित अग्रवाल, एडीजे 47 केसों में 41 केसों में, रजनीश कुमार, एडीजे ने 35 में 31 केसों में व राम अवतार पारिक, एडीजे ने 2 केसों में 1 केस में सजा सुनाई गई है।

# सतनाली में आयोजित कराई वॉलीबॉल प्रतियोगिता, नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**सकारात्मक**

युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए हम सभी अर्थात हर एक बच्चों के परिजनों को जागरूक रहना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ द्वारा चलाए नशे के प्रति विशेष अभियान के तहत पुलिस द्वारा खेलों के माध्यम से नशे के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी कड़ी में आज थाना सतनाली के गांव सतनाली के खेल मैदान में पुलिस द्वारा गांव सतनाली, सुरहेती व बलाना के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। खेल के माध्यम से पुलिस टीम ने युवा पीढ़ी को नशे के प्रति जागरूक किया और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। थाना सतनाली प्रबंधक निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि नशा एक धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे करके युवाओं को अपनी चपेट में ले लेता है। महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया



जा रहा है और साथ ही सकारात्मक कार्यों और खेलों में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस द्वारा गांव सतनाली में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। तीनों गांव के युवाओं के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराई गई। खेलों के माध्यम से युवाओं को अभियान से जोड़ा जा रहा है।

आज दिनांक 15 जनवरी को थाना सतनाली क्षेत्र के गांव सतनाली में युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए वालीबॉल टूनामेंट का आयोजन करवाया गया। जिसमें गांव सतनाली टीम, सुरहेती, बलाना की टीम के बीच मुकाबला कराया गया। जिसमें गांव सुरहेती की टीम विजयी रही और गांव सतनाली की टीम दूसरे नंबर पर रही। जीतने वाली टीम को थाना प्रभारी के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गांव के सरपंच, मौजिज व्यक्ति व अन्य ग्रामीण हाजिर रहे। पुलिस टीमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक कर रही है। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार जिला के गांवों में आयोजित किए जा रहे हैं।

थाना प्रबंधक ने कहा कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बने। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए हम सभी अर्थात हर एक बच्चों के परिजनों को जागरूक रहना होगा। युवा नशे की लत से दूर रहकर दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मौजूद युवाओं ने कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए इस प्रोग्राम के तहत वह अन्य लोगों को नशे के प्रति जागरूक करते हैं।

## छह घंटे की सर्जरी के बाद जोड़ा मासूम का अगूंठा

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद। चारा** काटने की मशीन से मासूम के दाहिने हाथ के कटे अंगूठे को 6 घंटे चली सर्जरी में मैरिंगो एशिया अस्पताल के डॉक्टरों ने जोड ? में सफलता हासिल की है। तिगांव क्षेत्र से लगभग 2 वर्षीय शिवाक्ष जिसका चारा काटने की मशीन में आने से दाहिने हाथ का अंगूठा कट गया था। अस्पपताल के प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. कावेश्वर घुरा ने बुधवार को बताया कि जब बच्चा हमारे पास आया था तो बच्चे का दाहिने हाथ का अंगूठा आगे की तरफ से जॉइंट वाली जगह से लगभग पूरा ही कटा हुआ था, केवल एक पतली सी चमड़ी से लटका हुआ था। बच्चे को काफी दर्द हो रहा था। परिजन बच्चे को इलाज के लिए पहले तिगांव क्षेत्र के किसी स्थानीय हॉस्पिटल में भी ले गए थे। हमने ठीक से जाँच के बाद सर्जरी कर बच्चे के अंगूठे को जोड़ दिया। सर्जरी के बाद बच्चे के हाथ का अंगूठा फिर से सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने पर बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है। अगर समय रहते इलाज न होता तो बच्चे को आगे चलकर पढने-लिखने व अन्य कार्यों को करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता था। अंगूठा हाथ का एक ऐसा महत्वपूर्ण अंग है जो हाथ से करने वाले कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# कर्मचारियों को हटाने के विरोध में सिंचाई कार्यालय में प्रदर्शन शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन मुख्यालय करनाल के बैनर तले एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को हटाने के विरोध में नहर कॉलोनी स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के प्रति जमकर नारेबाजी भी की। धरने की अध्यक्षता प्रांतीय मुख्य संगठनकर्ता रविंद्र फौजी ने की और स्टेज का संचालन ब्रांच प्रधान सुभाष यादव ने किया। मुख्य संगठनकर्ता रविंद्र फौजी ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण है कि सरकार द्वारा एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को हटाना, सरकार कौशल के कर्मचारियों को 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने का ढिंढोरा पीट रही हैं। दूसरी ओर सरकार एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को हटा रही है। यह धरना प्रदर्शन जब तक लगातार जारी रहेगा, तब तक हटाए हुए कर्मचारियों को वापस नहीं लेती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली 21 जनवरी को सिंचाई विभाग मुख्यालय नारनौल में सभी कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन व सीएम के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा। कर्मचारियों को कहना है कि सरकार की यह शर्मनाक हरकत है कि चुनाव से पहले वोट लेने के लिए जो वादे किए थे, सरकार बनने के बाद इन वादों को भूलकर कर्मचारियों को घर का रास्ता दिखाने का काम कर रही है। पूरा संगठन इन हटाए हुए कर्मचारियों के साथ खड़ा है। अगर समय रहते इन कर्मचारियों को वापस नहीं लिया तो पूरा संगठन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहेगा।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्वघोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**02275/02276 सूबेदारगंज – दिल्ली जं. –सूबेदारगंज कुम्भ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे**

| गाड़ी सं. 02275 आगमन | गाड़ी सं. 02275 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 आगमन | गाड़ी सं. 02276 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 19:40 | ---- |
| 08:55 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 09:30 |

चलने के दिन: **02275 सूबेदारगंज** से दिनांक 20.01.2025, 27.01.2025, 03.02.2025, 10.02.2025, 17.02.2025, 24.02.2025 एवं 03.03.2025 तथा **02276 दिल्ली जं.** से दिनांक 21.01.2025, 28.01.2025, 04.02.2025, 11.02.2025, 18.02.2025, 25.02.2025 एवं 04.03.2025 को।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**07081/07082 गुंटूर जं. – आज़मगढ़ – विजयवाड़ा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 07081 आगमन | गाड़ी सं. 07081 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 07082 आगमन | गाड़ी सं. 07082 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:00 | गुंटूर जं. | ---- | ---- |
| 00:20 | 00:30 | विजयवाड़ा | 07:30 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आज़मगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन: **07081 गुंटूर जं.** से दिनांक 14.02.2025 तथा **07082 आज़मगढ़ जं.** से दिनांक 16.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: खम्मम, डोर्नकल जं., महबुबाबाद, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं शाहगंज स्टेशन।

**07083/07084 मचिलीपट्णम – आज़मगढ़ – मचिलीपट्णम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 07083 आगमन | गाड़ी सं. 07083 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 07084 आगमन | गाड़ी सं. 07084 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:00 | मचिलीपट्णम | 09:00 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आज़मगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन: **07083 मचिलीपट्णम** से दिनांक 05.02.2025 तथा **07084 आज़मगढ़** से दिनांक 07.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: गुडलवल्लेरू, गुडिवाडा जं., विजयवाड़ा, खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं शाहगंज स्टेशन।

**07085/07086 काकिनाडा टाउन – आज़मगढ़ –विजयवाड़ा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 07085 आगमन | गाड़ी सं. 07085 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 07086 आगमन | गाड़ी सं. 07086 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:10 | काकिनाडा टाउन | ---- | ---- |
| 23:50 | 00:20 | विजयवाड़ा | 07:30 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आज़मगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन: **07085 काकिनाडा टाउन** से दिनांक 20.02.2025 तथा **07086 आज़मगढ़** से दिनांक 22.02.2025 को।

स्थान: 3 टियर वाता.।

ठहराव: सामलकोट जं., निडदवोलु जं., ताडेपल्लिगडेम, एलूरु, विजयवाड़ा, खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी एवं शाहगंज स्टेशन।

**07087/07088 मौला अलि – बनारस – मौला अलि कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 07087 आगमन | गाड़ी सं. 07087 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 07088 आगमन | गाड़ी सं. 07088 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | मौला अलि | 07:00 | ---- |
| 11:30 | ---- | बनारस | ---- | 19:15 |

चलने के दिन: **07087 मौला अलि** से दिनांक 17.02.2025 तथा **07088 बनारस** से दिनांक 19.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: भुवनगिरी, जनगांव, काजीपेट, जम्मीकुंटा, पेद्दपल्ली, रामगुंडम, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन।

**07107/07108 तिरूपति – बनारस – विजयवाड़ा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| गाड़ी सं. 07107 आगमन | गाड़ी सं. 07107 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 07108 आगमन | गाड़ी सं. 07108 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:55 | तिरूपति | ---- | ---- |
| 02:55 | 03:05 | विजयवाड़ा | 05:30 | ---- |
| 15:45 | ---- | बनारस | ---- | 17:30 |

चलने के दिन: **07107 तिरूपति** से दिनांक 18.01.2025, 08.02.2025, 15.02.2025 एवं 22.02.2025 तथा **07108 बनारस** से दिनांक 20.01.2025, 10.02.2025, 17.02.2025 एवं 24.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: गूडूर, नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., एलूरु, ताडेपल्लिगडेम, निडदवोलु जं., राजमंड्री, सामलकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनकापल्ली, दुव्वाडा, उत्तर सिम्हाचलम, पेन्दुर्ति, कोत्तावलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ जं., बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डालटनगंज, गढ़वा रोड जं, जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन।

**07109/07110 नरसापुर – बनारस – नरसापुर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 07109 आगमन | गाड़ी सं. 07109 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 07110 आगमन | गाड़ी सं. 07110 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:00 | नरसापुर | 05:00 | ---- |
| 15:45 | ---- | बनारस | ---- | 17:30 |

चलने के दिन: **07109 नरसापुर** से दिनांक 26.01.2025 एवं 02.02.2025 तथा **07110 बनारस** से दिनांक 27.01.2025 एवं 03.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: भीमवरम जं., तणुकु, निडदवोलु जं., राजमंड्री, सामलकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनकापल्ली, दुव्वाडा, उत्तर सिम्हाचलम, पेन्दुर्ति, कोत्तावलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ जं., बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डालटनगंज, गढ़वा रोड जं, जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन।

**रेलगाड़ी सं. 02417/02418 सूबेदार गंज – दिल्ली जं. – सूबेदार गंज सुपरफास्ट कुंभ विशेष रेलगाड़ी की आवृत्ति (चलने के दिन) में वृद्धि सप्ताह में 2 दिन से बढ़ाकर 4 दिन (कुल 24 फेरे)**

रेलगाड़ी सं. **02417 सूबेदार गंज** से 21.01.2025, 22.01.2025, 04.02.2025, 05.02.2025, 11.02.2025, 12.02.2025, 18.02.2025, 19.02.2025, 25.02.2025, 26.02.2025, 04.03.2025 एवं 05.03.2025 (मंगलवार और बुधवार) को।

रेलगाड़ी सं. **02418 दिल्ली जं.** से 22.01.2025, 23.01.2025, 05.02.2025, 06.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 19.02.2025, 20.02.2025, 26.02.2025, 27.02.2025, 05.03.2025 एवं 06.03.2025 (बुधवार और गुरुवार) को।

नोटः– समय–सारणी, ठहराव एवं कोच संरचना पूर्ववत रहेंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## आप के समक्ष किला बचाने की चुनौती

**दिल्ली की** सत्ता पर पिछले दस साल से काबिज आम आदमी पार्टी को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के गर्भ से जन्मे इस राजनैतिक दल के नेता खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। जिस राजनैतिक जमा पूंजी के साथ इस राजनैतिक दल का गठन किया गया था, बीते एक दशक में ही उसके नेताओं ने इसे पूरी तरह गंवा दिया है। पार्टी की स्थापना के समय जो उच्च नैतिक मानदंड और आदर्श स्थापित किया गए थे वे दूर-दूर तक पार्टी नेताओं के व्यवहार में नजर नहीं आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल विपक्ष के साथ- साथ अपने पूर्व सहयोगियों के भी निशाने पर हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान अण्णा हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। उस समय टू जी स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ गेम्स, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी और कोयला घोटाले जैसे लाखों करोड़ रुपये के घपलों के समाचार लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रहे थे। तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट और न्यायालय के आदेशों से लोगों को लगने लगा था कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त या भ्रष्टाचारियों को उनका संरक्षण प्राप्त है। लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का दंभ चरम पर था। भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल के जवाब में वे एक ही बात कहते नजर आते थे कि 2009 के आम चुनाव में दूसरी बार सत्ता सौंप कर देश की जनता ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। ऐसे में समाजसेवी अण्णा हजारे के नेतृत्व में इण्डिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया। इस आंदोलन की सिर्फ एक मांग थी कि देश में जनलोकपाल बनाया जाए। असीम शक्तियों से सम्पन्न यह जनलोकपाल देश से भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। इसी समय योग गुरू बाबा रामदेव ने भी विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू किया। जिसे सरकार ने निर्ममता पूर्वक कुचल दिया। देश की जनता राजनेताओं, बड़े कॉरपोरेट घरानों और नौकरशाही की दुरूभि संधि से दिनों-दिन बढ़ते भ्रष्टाचार को अपने दैनिक जीवन में महसूस कर रही थी। जनलोकपाल का जो खाका अण्णा हजारे के आंदोलन के समय पेश किया गया उसे देख कर लोगों ने महसूस किया कि इससे भ्रष्टाचार की समस्या पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओं ने जनलोकपाल बनाने की मांग का उपहास करते हुए आंदोलन से जुड़े नेताओं को खुद राजनीति में आकर इस तरह का कानून बनाने की चुनौती दी। अण्णा आंदोलन को देशभर में मिले व्यापक जनसमर्थन और तत्कालीन सत्ताधारी दल कांग्रेस के विरुद्ध तैयार हो रहे जनमत से उत्साहित आंदोलन से जुड़े कुछ नेताओं ने राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को साफ करने के लिए लिए स्वयं इस दलदल में उतरने की योजना बनाई।

# महिला सशक्तिकरण की दौड़ जीतती भारतीय रेलवे

-प्रियंका सौरभ

> "इस सदी की शुरुआत में ही, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर पहुँचीं। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला मंडल रेल प्रबंधक भी थीं। लगभग दो दशक बाद, जब पद्माक्षी रहेजा को भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1974 बैच के सदस्य के रूप में चुना गया, तब पुरुषों के अगले गढ़ को तोड़ने में महिला का हाथ था। अगले पाँच वर्षों तक पद्माक्षी कम्ळ्र में एकमात्र महिला थीं। भारत की अटूट और अमर भावना और इसकी स्वतंत्रता के 75 वर्षों का जश्न। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन की डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की पहली महिला सदस्य थीं"

**कैबिनेट** द्वारा स्वीकृत नियुक्तियों के नवीनतम दौर के साथ पहली बार रेलवे बोर्ड में महिलाएँ ड्राइवर की सीट पर हैं। कांच की छत को तोड़ते हुए, रेलवे बोर्ड का नेतृत्व पहले से ही एक महिला द्वारा किया जा रहा है, अब संचालन और व्यवसाय विकास के प्रभारी एक महिला सदस्य हैं और उसी रैंक की एक अन्य महिला सदस्य वित्त सदस्य के रूप में वित्त की देखभाल करती हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करने के एक अन्य तरीके में, भारतीय रेलवे ने एक पूरी ट्रेन और रेलवे स्टेशन महिलाओं को समर्पित करना शुरू किया। मणिनगर रेलवे स्टेशन (गुजरात) और माटुंगा रोड स्टेशन (मुंबई, महाराष्ट्र) का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित अजनी रेलवे स्टेशन की सफाई, ट्रैक की खराबी का पता लगाने और उनकी मरम्मत के लिए महिला ट्रैक मेंटेनर काम करती हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण शायद 20वीं सदी के बाद से सबसे ज्यादा परिभाषित करने वाला आंदोलन है। हम ऐसी महिलाओं की प्रेरक कहानियाँ सुनते हैं जिन्होंने पुरुष-प्रधान भूमिकाओं में अपनी छाप छोड़ी है, जैसे सार्वजनिक जीवन और सरकार में, उद्योग के कप्तान के रूप में और खेल में। आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएँ अग्रणी हैं और हर बीतते साल के साथ उनकी संख्या बढ़ती जा रही है और फिर भी, भारतीय रेलवे के कर्मचारियों में केवल 6-7% महिलाएँ हैं। आज संख्या चाहे जो भी हो, पुरुष-प्रधान क्षेत्रों की उथल-पुथल में कदम रखने वाली "प्रथम महिलाओं" को पहचाने जाने की आवश्यकता है। वे अग्रणी, साहसी थीं और इस नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए उनमें अपार साहस था। 19वीं शताब्दी में घर से बाहर काम करना महिलाओं के लिए बुरा माना जाता थाः पुरुष कर्मचारी प्रतिस्पर्धा से डरते थे, जबकि मध्यम वर्ग की महिलाएँ गृहिणी और शिक्षिका के रूप में पहचान चाहती थीं। न ही पुरुषों और महिलाओं को एक ही परिसर में मिलाना उचित माना जाता था। सामाजिक रीति-रिवाज सख्त थे और लिंग भेद आदर्श था। लेकिन जैसे-जैसे रेलमार्गों का विस्तार हुआ,



श्रमिकों की मांग बढ़ी। रेल कंपनियों द्वारा नियोजित पहली महिलाएँ रेल कर्मचारियों की बेसहारा विधवाएँ थीं। प्रबंधकों ने उन्हें वेतनभोगी रोजगार की पेशकश की-हालाँकि पूरी तरह से दया से नहीं, क्योंकि वे अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में काफी कम कमाती थीं। जया चौहान 1984 बैच के भाग के रूप में रेलवे सुरक्षा बल में पहली महिला अधिकारी थीं। शुरूआत में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करते हुए, मातृभूमि की सेवा करने और अप्राप्त गढ़ों की खोज करने के उनके जुनून ने उन्हें उस आरामदायक नौकरी को छोड़ने और कूदने के लिए मजबूर किया। रेलवे की पुलिसिंग में जया ने न केवल रेलवे में अच्छा प्रदर्शन किया, बल्कि देश में अर्धसैनिक बलों में पहली महिला महानिरीक्षक भी बनीं। 1981 बैच के रेल उम्मीदवारों में से, एम. कलावती को भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा की पहली महिला सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। वह वर्तमान में दक्षिणी रेलवे जोन में मुख्य सिग्नल इंजीनियर के रूप में काम करती हैं। रेलवे सेवाओं में शामिल होने से पहले, 1988 में, कल्याणी चड्ढा ने जमालपुर में 1983 बैच के विशेष श्रेणी अपरेंटिस में भारतीय रेलवे मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान में चार साल बिताए। कल्याणी के नेतृत्व में 13 महिलाएँ हैं जो अब सेवा में हैं और 10 और जो जमालपुर में प्रशिक्षुता कर रही हैं।

मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन के डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं 1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक केवल पुरुषों के लिए थी। इस सदी की शुरूआत में ही, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर पहुँचीं। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला मंडल रेल प्रबंधक भी थीं। लगभग दो दशक बाद, जब पद्माक्षी रहेजा को भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1974 बैच के सदस्य के रूप में चुना गया, तब पुरुषों के अगले गढ़ को तोड़ने में महिला का हाथ था। अगले पाँच वर्षों तक पद्माक्षी कम्ळ्र में एकमात्र महिला थीं। भारत की अटूट और अमर भावना और इसकी स्वतंत्रता के 75 वर्षों का जश्न। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन की डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की पहली महिला सदस्य थीं। उनके शामिल होने के बाद, 14 और महिलाओं ने मंजू के उदाहरण का अनुसरण किया और भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स में प्रवेश किया।1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक सभी पुरुषों के लिए थी। यह इस सदी की शुरूआत में ही था, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन ने भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर जगह बनाई। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला डिवीजनल रेल मैनेजर भी थीं। पद्माक्षी रहेजा को भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1974 बैच के सदस्य के रूप में चुने जाने पर अगले पुरुष गढ़ को तोड़ने में लगभग दो दशक लग गए। अगले पांच वर्षों तक पद्माक्षी आईआरटीएस में एकमात्र महिला थीं। भारतीय रेलवे के लिए एक रिकॉर्ड यह है कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय रेलवे बोर्ड में अब महिलाएँ बहुमत में हैं। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नियुक्तियों के नवीनतम दौर के साथ पहली बार रेलवे बोर्ड में महिलाएँ ड्राइवर की सीट पर हैं। कांच की छत को तोड़ते हुए, रेलवे बोर्ड का नेतृत्व पहले से ही एक महिला द्वारा किया जा रहा है, अब संचालन और व्यवसाय विकास के प्रभारी एक महिला सदस्य हैं और उसी रैंक की एक अन्य महिला सदस्य वित्त सदस्य के रूप में वित्त की देखभाल करती हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करने के एक अन्य तरीके में, भारतीय रेलवे ने एक पूरी ट्रेन और रेलवे स्टेशन महिलाओं को समर्पित करना शुरू किया। मणिनगर रेलवे स्टेशन (गुजरात) और माटुंगा रोड स्टेशन (मुंबई, महाराष्ट्र) का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित अजनी रेलवे स्टेशन की सफाई, ट्रैक की खराबी का पता लगाने और उनकी मरम्मत के लिए महिला ट्रैक मेंटेनर काम करती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे में महिला नेताओं की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ने मुंबई-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस के लिए सभी महिला टीटीई नियुक्त की हैं। डेक्कन क्वीन एक्सप्रेस एक और ट्रेन है जिसे पूरी तरह महिलाओं की टीम चलाती है। देश में सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते भारतीय रेलवे इस क्षेत्र में महिला कर्मचारियों और नेतृत्व को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन फिर भी, आंकड़े बताते हैं कि जनसंख्या में उनके अनुपात के अनुसार यह संख्या महत्त्वपूर्ण नहीं है

# कविता

**ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।**

अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी भोली नादान है वो शायद ।
खुद को मुझे सौंप जाती है वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहब।
ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।।

मोहब्बत इक रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे कर जाता है वो।।

महफूज रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहा जाता है वो।।

नेकी का सिला तो देखिये संजीव।
मुझ फकीर से वास्ता रखता है वो।।

संजीव

---------

## प्राचीन झांग-आश्रम जहाँ मुगल बादशाह जहाँगीर ने डाला था डेरा

डॉ. सत्यवान सौरभ

**हरियाणा** के जिला भिवानी के उपमंडल सिवानी मंडी के आखिरी छोर पर स्थित गाँव बड़वा हिसार जिले को छूता है। हरियाणा के सबसे प्राचीन गाँवों में से एक, बड़वा पहले बड़-बड़वा के नाम से जाना जाता था। बड़वा गाँव कई ऐतिहासिक साक्ष्यों का गाँव है। देश में इसकी गणना हवेलियों के वैभवशाली गाँव में की गई है। यह गाँव प्राचीन समय से स्थापत्यकला, मूर्तिकला, साहित्य, चित्रकला, व्यवसाय, धर्म एवं शिक्षा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट था। ऐसी ही एक धार्मिक धरोहर 'झांग-आश्रम' को अपने भीतर समेटे है गाँव बड़वा। जिसका वैभव अपार और पहचान साकार है। झांग आश्रम बड़वा, हिसार शहर से लगभग 27 किलोमीटर दूर स्थित है। इसमें महंत-पुरियों की समाध के साथ-साथ हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिर है। देश भर से लोग इस ऐतिहासिक जगह पर आते हैं और आश्रम के दर्शन करते हैं। यहाँ की भावनाओं को लोग अपने जीवन में अनुसरण करना चाहते है।

**इतिहास:**
संत पुरुष लोहलंगर जी महाराज प्राचीन समय में (आज से लगभग चार सौ साल पहले) बड़वा के वन क्षेत्र में तपस्या करते थे। इसी दौरान 1620 - 21ईसवी के आस-पास मुगल बादशाह जहाँगीर उत्तरी-पूर्वी पंजाब की पहाड़ियों पर स्थित कांगड़ा के दुर्ग जाने के लिए इसी रास्ते से गुजरे थे। इस दौरान उनकी सेना ने आराम करने के लिए इस क्षेत्र में पड़ाव डाला था। तभी उनकी मुलाकात संत पुरुष लोहलंगर जी महाराज से हुई। पीने के पानी की समस्या से त्रस्त बादशाह जहाँगीर की सेना ने यहाँ तालाब की खुदाई कर डाली जो आज जहाँगीर तालाब के नाम से मशहूर है।

**कालक्रम:**
लोहलंगर गिरी जी की मृत्यु के सालों बाद सवाई गिरी, चन्दन गिरी, चरण पूरी (अंतत जीवंत समाधी धारण की) के बाद महंत बिशंबर गिरी जी ने इस आश्रम का ज़िम्मा सँभाला और जब तक जीवित रहे, यहीं रहकर तपस्या की। इन्होनें अपने सगे भाई प्रेम गिरी जी महाराज के साथ आश्रम की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहाँ धार्मिक अनुष्ठान जारी रखे और एक दिन प्रेम गिरी जी जीवंत समाधी को प्राप्त हुए। उनके बाद संत पुरुष हनुमान गिरी जी और महंत सेवागिरी जी महाराज आश्रम की गद्दी पर रहे। वर्तमान में महंत श्री सेवागिरी जी महाराज पिछले चलीस सालों से हमारी पुरातन संत- परंपरा को बनाये हुए है और क्षेत्र की मंगल कामना में लगे रहते हैं।

**मान्यता:**
बड़वा के झांग आश्रम के बारे गाँव और आस-पास के लोगों की मान्यता है कि झांग-आश्रम क्षेत्र के लिए एक आध्यात्मिक चमत्कार है। लोगों की मान्यता है कि आश्रम के संत पुरुषों के प्रताप और दैवीय शक्ति का ही परिणाम है कि बड़वा के आस-पास के क्षेत्र में ओला- वृष्टि और टिड्डी-दल से नुकसान झेलना पड़ता है। मगर आश्रम के आदि- प्रभाव की वजह से गाँव बड़वा के क्षेत्र में ऐसा पिछले सालों में कभी नहीं हुआ।

# विचार

## भारतीय राजनीति में कांग्रेस की भूमिका

संगीता शर्मा

**भारतीय** लोकतंत्र में स्थापित सभी राजनीतिक दलों की अपनी एक भूमिका और स्थान है जिसे वो समय समय पर रेखांकित करते हुए अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं। भारत के लोकतंत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी एक प्रमुख राजनीतिक दल के रूप में विद्यमान है, जिसका इतिहास ही भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने से जुड़ा है। इसीलिए कांग्रेस को महज एक राजनीतिक दल ही नहीं आंदोलन भी माना जाता है। यह बात अलग है कि समय के प्रवाह में बदलते वक्त के कारण यह आंदोलन बहुरूपियों के सियासी षड़यंत्र का हिस्सा बनता जा रहा है। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई थी, और इसके संस्थापकों में ए.ओ. ह्यूम, दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा जैसे दिग्गज शामिल थे ।

अपने गठन के समय से लेकर आज तक कांग्रेस का उद्देश्य हमेशा साफ रहा है। कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े नेताओं, आम जनमानस की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं रहता है। तब गठन के समय कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करना और ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाना था। अब कांग्रेस झूठे वादों और आश्वासनों के मकड़जाल में उलझी देश की साधारण जनता को उन सियासी मायावियों के चंगुल से आजाद कराने में संघर्षरत है जो उसे मुफ्त के नाम पर मानसिक बीमार बनाने में कोई गुरेज नहीं कर रहे।

जो जनता को मानसिक गुलाम बनाने के अपने षडयंत्र में कुछ हद तक सफल होते नजर आ रहे हैं। चंद रुपयों के बदले ये धोखेबाज जनता के सभी मौलिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। उसे अपने प्रिय औद्योगिक घरानों के पास गिरवी रख रहे हैं। आजादी से लेकर अब तक इस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया, जिनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी शामिल हैं। लाल बहादुर शास्त्री एक महान नेता थे जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1904 को वाराणसी में हुआ था, और उन्होंने अपनी शिक्षा काशी विद्या पीठ में प्राप्त की। शास्त्री जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई बार जेल गए । कांग्रेस पार्टी का वर्चस्व 1952 से 1967 तक लगातार भारतीय राजनीति में बना रहा। इसके बाद कुछ बहकावे से उपजे बदलाव के अंकुर रूप में नए राजनीतिक दल सामने आए पर कांग्रेस की जड़ों में पैठ के कारण बहुत जल्द जनता को उनका मकसद समझने में देर नहीं लगी। इस पार्टी को अपना वर्चस्व बनाने में सफलता इसलिए प्राप्त हुई कि राष्ट्रीय आंदोलन के समय उसे सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त था। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी का देशव्यापी संगठनात्मक ढांचा भी इसकी सफलता का एक महत्वपूर्ण कारण था।

आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कांग्रेस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया है और इसके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक सुधार किए हैं। आज उन्हीं आर्थिक सुधारों के कारण भारत एक मजबूत पायदान पर दुनिया के सामने अपनी बादशाहत का झंडा लहरा रहा है। लोगों की मौत पर खुद के लिए जमीन तैयार करने में माहिर चंद नेता आज जरूर कांग्रेस की सोच या नियति पर सवाल उठा रहे हैं पर एक बार वो अपने गिरेबान की तरफ बस झांक ही लेते तो लोगों के सामने न झूठ परोसने की हिम्मत होती और जरूरत।

कहते हैं बदलाव प्रकृति का नैसर्गिक सिद्धांत है, इसलिए राजनेताओं की सोच और कार्य व्यवहार भी समय के पहिए की तरह बदलाव का हिस्सा बनता गया। यही वजह रही कि कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं की टूटन से पार्टी का वर्चस्व समय के साथ कम होता गया है। वर्ष 1967 के बाद विपक्षी दलों ने बीच-बीच में कांग्रेस पार्टी को चुनौती देना शुरू किया और 1989 के बाद राष्ट्रीय पटल पर हुए कुछ सियासी घटनाक्रम से बदली हुई परिस्थितियों में कांग्रेस के सामने क्षेत्रीय पार्टियों की नई चुनौती सामने आई।

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## मेड, इन इंडिया

विवेक रंजन श्रीवास्तव

**मेड के** बिना घर के सारे सदस्य और खासकर मैडम मैड हो जाती हैं। मेड की महिमा और उसके महात्म्य हर घर को भलीभांति पता है। कोरोना काल में जब खुद झाडू पोंछा,बर्तन,खाना,नाश्ता , कपड़े,काल बेल बजते ही बाहर जाकर देखना कि दरवाजे पर कौन है , यह सब करना पड़ा तब समझ आया कि इन सारे कथित नान प्रॉडक्टिव कामों का तो दिन भर कभी अंत ही नही होता। ये काम तो हनुमान जी की पूंछ की तरह बढ़ते ही जाते हैं जो बुद्धिजीवी विचारवान लोग हैं,उन्हें लगा कि वाकई मेड का वेतन बढ़ा दिया जाना चाहिये। कारपोरेट सोच वाले मैनेजर दम्पति को समझ आ गया कि असंगठित क्षेत्र की सबसे अधिक महत्वपूर्ण इकाई होती है मेड। बिना झोपड़ियों के बहुमंजिला अट्टालिकायें कितनी बेबस और लाचार हो जाती हैं,यह बात तभी एक्सप्लेन हो पाई।

भारतीय परिवेश में हाउस मेड एक अनिवार्यता है। हमारा सामाजिक ताना बाना इस तरह बुना हुआ है कि हाउस मेड यानी काम वाली हमारे घर की सदस्य सी बन जाती है। जिसे अच्छे स्वभाव की , साफसुथरा काम करने वाली,विश्वसनीय मेड मिल जावे उसके बड़े भाग्य होते हैं। हमारे देश की इकॉनामी इस परस्पर भरोसे में गुंथी हुई अंतहीन माला सी है। किस परिवार में कितने सालों से मेड टिकी हुई है , यह बात उस परिवार के सदस्यों के व्यवहार का अलिखित मापदण्ड और विशेष रूप से गृहणी की सदाशयता की द्योतक होती है।

विदेशों में तो ज्यादातर परिवार अपना काम खुद करते ही हैं,वे पहले से ही आत्मनिर्भर हैं। विदेशों में मेड लक्जरी होती है। जब बच्चे बहुत छोटे हों तब मजबूरी में हाउस मेड रखी जाती हैं। मेड की बड़ी डिग्निटी होती है। उसे वीकली आफ भी मिलता है। वह घर के सदस्य की तरह बराबरी से रहती है। कुछ पाकिस्तानी और भारतीय युवाओं ने जो पति पत्नी दोनो विदेशों में कार्यरत हैं , एक राह निकाल ली है,वे मेड रखने की बनिस्पत बारी बारी से अपने माता पिता को अपने पास बुला लेते हैं । बच्चे के दादा दादी , नाना नानी को पोते पोती के सानिध्य का सुख मिल जाता है , विदेश यात्रा और कुछ घूमना फिरना भी बोनस में हो जाता है।

## क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत

निर्मल रानी

**विश्व का** सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फीले तूफान से करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि इस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है।जहाँ इस बर्फीले तूफान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है।

प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का काफी बड़ा इलाका और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नौकरी का झांसा देकर महिला से रेप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से रेप किया। आरोपी उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने नौकरी के बदले उससे दो लाख रुपए मांगे थे। वहीं एक लाख रुपए लेने के बाद भी नौकरी नहीं लगवाई। महिला का आरोप है कि जब उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगने के लिए मुलाकात की तो आरोपी ने उसे एक जगह बुलाया। वहां उसने महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसका रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने महिला को धमकी दी कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी तो वीडियो का उपयोग कर उसे ब्लैकमेल करेगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की ओर से लगातार उसे मिलने का दबाव बनाया गया और रेप करता रहा। इसके कारण वह एक बार गर्भवती हो गई थीए लेकिन बाद में गर्भपात भी करवाना पड़ा। महिला ने कहा कि आरोपी उसे बार .बार ब्लैकमेल करता रहा और मानसिक रूप से परेशान करता रहा। महिला ने कहा कि उसने आरोपी की पत्नी को पूरी स्थिति के बारे में बताया, लेकिन आरोपी की पत्नी ने उसे और उसके पति को झूठे छेड़छाड़ और झूठे रेप के आरोप में फंसाने की धमकी दी। इस मानसिक तनाव और लगातार धमकियों के कारण महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई और एसपी से भी न्याय की गुहार लगाई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि आरोपी फिलहाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। महिला ने पुलिस से अपील की है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### सूरजमल की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना प्रशंसनीय निर्णय: रणदीप आर्य



**पानीपत , (कमाल हुसैन )** आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में 77वां भारतीय सेना दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गयो समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य रहे पूर्व प्राचार्य अचार्य राजकुमार शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की उप प्राचार्य जगदीश चहल ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ हुआ और यज्ञ के मुख्य यजमान प्रधान रणदीप आर्य ने पूर्ण आहुति दी इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने सभी का स्वागत कियो समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि भारतीय सेना ने हमेशा ही पूरी शक्ति, साहस और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाया है भारतीय सैन्य बलों में इस समय 14.44 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी अपनी जिम्मेदारी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं भारत प्रतिवर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर अपनी थल सेना के अदम्य में साहस जांबाज सैनिकों की वीरता शौर्य और उनके बलिदानों को याद करता है यही कारण है कि आज सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं सेना दिवस को पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रही हैं उन्होंने कहा कि इस समय सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं एनसीसी, एनएसएस, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स, योग तथा ध्यान योग और आर्यवीर दल के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को वीरता और देशभक्ति का पाठ पढ़ा रही हैं मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राचीन काल से ही भगवान की हिंदुस्तान पर विशेष कृपा हुई और सबसे पहले वेदों की रचना हुई उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कृति ही विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है यह हमारे लिए खुशी का विषय है कि हरियाणा सरकार ने वैदिक संस्कृति के साथ-साथ देश के महान सपूत महाराजा सूरजमल की जीवनी और उनकी वीरता व पराक्रम को भी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को उच्च कोटि के संस्कार भी दिए जाते हैं बच्चों में विश्व के भविष्य की झलक साफ दिखाई देती है उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में वैदिक संस्कृति को सर्वोत्तम स्थान दिया गया है।

# प्रकृति से छेड़छाड़ करने वाले अमेरिका को भुगतने पड़ रहे गंभीर परिणाम : स्वामी

## अपने ही देश में समुद्र के किनारे बसे शहर को भी नहीं बचा पाया अमेरिका, दूसरे देश लें सबक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाकाल भैरव अखाड़ा के प्रमुख स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि अमेरिका स्वयं अपनी करनी भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने हथियार बेचने के लिए कई देशों को युद्ध की आग में झोंकने का काम किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो-बाइडेन ने भी जाते-जाते यूक्रेन को रूस के खिलाफ बड़े हमले की इजाजत देकर प्रकृति संतुलन को बिगाड ? का काम किया। स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि अमेरिका ने हमेशा आकाश धरती ओर पाताल को नुकसान पहुंचाने का ही काम किया है। अमेरिका ने सबसे पहले अंतरिक्ष में पहले चांद से छेड़छाड़ की और फिर धरती पर पहली बार



जापान पर परमाणु हमला किया। अमेरिका ने ही पहली बार परमाणु बमों को छिपाने का काम किया। अमेरिका ही हमेशा दूसरे देशों को लड़वाने के लिए हथियार बेचता आया है। अब दूसरे देशों को तबाही के रास्ते पर लाने वाला अमेरिका न केवल इसके गंभीर परिणाम भुगत रहा है बल्कि आगे भी भुगतेगा।

स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग ने भीषण तबाही मचाई है। हजारों परिवारों को जान बचाने के लिए पलायन करना पड़ा है। आग ने सैकड़ों घरों को राख में बदल दिया है। बीमा कंपनियों के लिए भी मुश्किल हो गई है, क्योंकि उन्हें अरबों डॉलर का क्लेम देना पड़ेगा। आग ने अपने आगे किसी को नहीं बख्शा। आग के कारण फिल्म स्टार, सेलिब्रिटी के घर भी जले हैं। लेकिन इस दौरान एक घर सबसे ज्यादा चर्चा में है। 90 लाख डॉलर (77.8 करोड़) रुपए की एक हवेली इस तबाही में बच गई है। जबकि उसके चारों ओर सब कुछ जलकर राख हो चुका है। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आग लगनी शुरू हुई थी। मगर आज एक हफ्ते के बाद भी पूरी तरह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग में अब तक 24 लोगों की जान जा चुकी है। हजारों घर जलकर खाक हो चुके हैं। लगभग लाखों की संख्या में लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं।

# लोक जेल अदालत का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन व सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नितिका बंसल ने जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 12 मुकदमे रखे गए, जिसमें से 10 मुकदमों का निपटारा हुआ, जिसमें 10 मुजरिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। इस मौके पर उन्होंने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत की और उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं व अपील के अधिकार से अवगत करवाया गया। उन्होंने बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय में आठ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### फरीदाबाद में नूंह का बदमाश चोरीशुदा ऑटो सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने वाहन चोरी के मामल में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो नूंह का रहने वाला है। उसके पास से चोरी का ऑटो बरामद किया है। जिसे उसने दो महीने पहले चुराया था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान नूंह के गांव नकनपुर निवासी साहिद के रूप में हुई है। 14 नवंबर को हाथरस निवासी दीपक दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में भूड कालोनी ओल्ड फरीदाबाद में रहता है।

# ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा विकास कार्य: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शहर की तर्ज पर निरंतर विकास कार्य जारी रहेगा। इस थानेसर ब्लॉक के हर गांव हर वार्ड में सामान रूप से विकास कार्य किए जाएंगे। इस हल्का के विकास कार्यों में बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने यह विचार ब्लॉक समिति थानेसर की चेयरमैन रजनी शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारीज होने के बाद व्यक्त किए। आज एडीसी सोनू भट्टद्द ने ब्लाक समिति थानेसर चेयरमैन के खिलाफ डाली अविश्वास याचिका को खारिज कर दिया है। इस चेयरमैन के साथ 14 सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की है। इस ब्लॉक में कुल 25 सदस्य है, इनमें



से एक सदस्य की मृत्यु हो चुकी है और 25 में से 14 सदस्यों ने ब्लॉक समिति थानेसर की प्रधान रजनी शर्मा के हक में खडे हुए है।

पूर्व राज्यमंत्री ने ब्लाक समिति चेयरमैन रजनी शर्मा और उनके पति राम मेहर शास्त्री को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्लाक समिति के लगभग सभी सदस्यों ने रजनी शर्मा के विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगाई है और अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने सभी सदस्यों को आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में कभी कमी नहीं आने दी जाएगी। इस विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से लगातार विकास कार्य चलते रहेंगे। इस मौके पर ब्लॉक समिति चेयरमैन रजनी शर्मा, समाजसेवी राम मेहर

**विकास पर बल**

**▶▶ थानेसर ब्लॉक के हर गांव हर वार्ड में सामान रूप से विकास कार्य किए जाएंगे: पूर्व विधायक**

शास्त्री, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा, सलारपुर निवासी विशाल, हथीरा से सतबीर, बारना से गौतम कुमार, खिजरपुरा से पूजा रानी, मिजार्पुर कालोनी से नेहा, बगथला से अंजु बाला, हंसाला से सुखविन्द्र सिंह, बहादुरपुरा से सीराजपाल, अजरानी से सुनील कुमार, धुराला से पूजा रानी, अजराना कला से मीनाक्षी, बलाही से नितिश, फतुहपुर से रजिया खान आदि उपस्थित थे।

### चोरी के दौरान मालिक की खुली नींद, दो चोर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक मकान में आधी रात को चोर घुस गए। चोर घर को खंगाल रहे थे, इसी दौरान मालिक की नींद खुल गई। मौके पर उन्होंने दो चोरों को दबोच लिया। चोरों ने नगदी और जेवर सहित घर से ढाई लाख की चोरी की है। घरौंडा थाना क्षेत्र के संजय नगर डेरा बरसत में चोरी के बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी और चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया। चोरों ने सेंध लगाकर 1.5 लाख रुपए नकद और 1 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने गहने गायब किए। घटना बीती रात की रात करीब 2 बजे की है, जब घर का मुखिया रोहित अपने परिवार के साथ गहरी नींद में था। तभी आहट पाकर उसकी नींद खुली, देखा तो घर में कुछ लोग घुसे हुए हैं और घर खंगाल रहे हैं। रोहित ने तत्काल अपने घर की तलाशी ली, जिसमें पाया गया कि 1.5 लाख रुपए में से केवल 50 हजार रुपए ही वापस मिले हैं। बाकी रकम और गहने गायब हैं। पकड़े गए चोरों की पहचान बंटी और लाडी के रूप में हुई है, जो संजय नगर डेरा के ही रहने वाले हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने दोनों आरोपियों को अपने घर में ही पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही घरौंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 एवं 0184-2266138 का प्रचार प्रसार करें विभाग : इरम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने कहा कि समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने और कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा निरूशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। नालसा द्वारा कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति, जो कानूनी सहायता प्राप्त करना




चाहता है, कॉल करके निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकता है। साथ ही, नालसा पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन बुधवार को एडीआर सेंटर के सभागार मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सभी विभाग टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं 0184-2266138 का प्रचार प्रसार करें, ताकि लोगों को इन नम्बरों की जानकारी मिल सकें। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारी को कहा कि जिले के सभी पंचायतों घरों में और ग्राम सचिवालयों मे वाल पेंटिंग करवाके टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं 0184-2266138 का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी से कहा कि जिले में आपके जो 15 कार्यालय है, उसमें पेंटिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार होना चाहिए। बैंक अधिकारी को कहा कि जिले के हर बैंक में बैनर व पोस्टर के माध्यम से नम्बरों का प्रचार प्रसार करवाएं।

उन्होंने शिक्षा विभाग, आईटीआई विभाग के अधिकारी को कहा कि वाल पेंटिंग के माध्यम से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं 0184-2266138 का प्रचार प्रसार करें, ताकि लोगों को इन नम्बरों की जानकारी मिल सकें। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है।

# घरौंडा में डिलीवरी बॉय लापता, रेलवे स्टेशन के बाहर मिली बाइक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के उंचा समाना गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसकी बाइक घरौंडा रेलवे स्टेशन पर मिली है। अब युवक किसी ट्रेन में सवार हुआ है या फिर कहीं और गया है, इसको लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। युवक 13 जनवरी की शाम को घर से काम के लिए निकला था, लेकिन रातभर घर नहीं लौटा। परिजनों ने कई जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। बाद में परिजनों ने मधुबन थाना में



शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता अनिल गोस्वामी ने बताया कि उनका भाई सुनील गोस्वामी स्विगी में डिलीवरी का काम करता है। 13 जनवरी की शाम करीब 4 बजे वह डिलीवरी के लिए घर से निकला था। जब वह रात तक घर नहीं लौटा तो परिवार ने स्विगी कंपनी में पता किया। कंपनी ने बताया कि सुनील ने उस दिन डिलीवरी के लिए कोई काम नहीं किया था। सुनील के लापता होने के बाद परिवार ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां भी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अनिल ने बताया कि सुनील अपने साथ मोबाइल और बाइक लेकर निकला था। उसका फोन भी बंद आ रहा है।

### यमुनानगर में हेरोइन समेत एक काबू

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 12 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को इंचार्ज जसविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव इब्राहिमपुर में एक युवक नशा बेचने का काम करता है।

इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया। टीम ने मौके पर जाकर एक युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार छछरौली आनंद रावल को बुलाया गया।

# युवक से मारपीट कर लूट करने वाले पांच गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए** वन पुलिस टीम ने लाल बत्ती चौक के पास युवक से मारपीट कर लूट करने वाले पांच आरोपियों को सोमवार देर शाम जिला सचिवालय के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे से काबू किया। आरोपियों की पहचान कर्ण व अर्जुन निवासी रेलवे कॉलोनी, हिमाशु निवासी अमर भवन चौक, अमन उर्फ विक्की निवासी गांधी कॉलानी व आकाश उर्फ अक्कू निवासी इंसार बाजार के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने चार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे



स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक ऑटो व एक बुलेट बाइक बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद पांचों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना शहर में सचिन पुत्र रमेश निवासी गांधी कॉलोनी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था की व शहर में ऑटो चलाता है। 28 दिसम्बर को वह रेलवे स्टेशन पर गया था। जहा रेलवे स्टेशन के प्रधान कर्ण ने उससे ऑटो चलाने की एवज में प्रतिमाह 2 हजार रूपए देने की मांग की। उसने पैसे देने से मना कर दिया। तभी आरोपी कर्ण ने साथी आरोपी अर्जुन, साहिल, आकाश व अन्य कई लड़को के साथ मिलकर मारपीट की।

वहा से वह ई रिक्शा में बैठकर मेडिकल करवाने के लिए सिविल अस्पताल में जा रहा था। रास्ते में लालबत्ती से थोड़ा आगे पहुंचा तो वहा कर्ण, कल्लु, साहिल, अर्जुन, अकाश उर्फ अक्कु, विक्की, विशु व अन्य कई लड़को ने उसे ई-रिक्शा से उतारकर मारना शुरू कर दिया।

# सीएम विंडो, जनसंवाद पोर्टल पर शिकायतों का 10 दिन में करें निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सीएम विंडो, जनसंवाद पोर्टल और समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का दस दिन के भीतर निपटारा करें। यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि संबंधित विभाग के कार्यालय की प्रॉपर्टी आईडी बन चुकी है या नहीं। यदि नहीं बनी है तो तुरंत बनवायें।

उपायुक्त जिला सचिवालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सभी मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों के साथ 17 जनवरी को आयोजित की जाने वाली कांफ्रेंस के मद्देनजर समीक्षा बैठक को संबोधित कर



रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में सीएम विंडो पर अधिकांश शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। सीएम विंडो, जनसंवाद पोर्टल और समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों पर की गई कार्रवाई ;एटीआरद्ध पोर्टल पर दर्ज करते हुए उनका निपटारा भी दस दिन के भीतर किया जाये। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय संबंधी प्रोपर्टी आई बन चुकी है या नहीं। यदि नहीं बनी है तो तुरंत बनवायें। पंचायत एवं विकास विभाग के अधिकारियों को गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिये ताकि जिन लोगों के हैप्पी कार्ड बन चुके हैं वे उन्हें प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के म्युटेशन

**निर्देश**

**▶▶ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि संबंधित विभाग के कार्यालय की प्रॉपर्टी आईडी बन चुकी है या नहीं**

संबंधी मामले लंबित हैं वे दस्तावेज पूरे कराकर राजस्व विभाग के जमा करायें। इसके बाद राजस्व विभाग में कोई दिक्कत पेश आती है तो उनके संज्ञान में लायें। संबंधित उपमंडल अधिकारियों का अमृत सरोवर, स्कूल, व्यायाम, आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कर वस्तुस्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही भविष्य में टेंडर की अवधि बढ़ाने के लिये अनुरोध न करने, 25 जनवरी तक कार्यालयों में साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम करने, ई-ऑफिस व्यवस्था तुरंत लागू करने, गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किये जाने वाले कर्मचारियों की सूची तुरंत भेजने के भी निर्देश दिये। बैठक में 30 ऐजंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिये कि आगामी डेढ़-दो महीने के भीतर पटवारियों को गांवों में ग्राम सचिवालयों में बैठने और बायोमेट्रिक हाजरी सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों को पटवारी से संबंधित कामों के लिये शहर न आना पड़े। बैठक में एडीसी यश जालुका, एसपी गंगाराम पूनिया, नगर निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर चालक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव गोंदर में एक ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया। मृतक की पहचान ओंगद निवासी विक्रांत राणा के रूप में हुई है। मृतक अपने दोस्त के साथ अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक के चचेरे भाई मनोज राणा ने बताया कि विक्रांत का गोंदर गांव में मेडिकल स्टोर है। विक्रांत ने मंगलवार की रात करीब 8 बजे घर फोन किया था, उसने बताया था कि वह मेडिकल स्टोर बंद करके घर के लिए निकल रहा है। सवा आठ बजे कॉल आया कि विक्रांत का एक्सीडेंट हो गया। उसके साथ शक्ति नाम का युवक था, जिसने हादसे की जानकारी घर पर दी। मनोज राणा ने बताया कि बाइक विक्रांत चला रहा था और उसके पीछे शक्ति बैठा था। गोंदर गांव के नजदीक एक ट्रैक्टर सामने से आ रहा था, जिसने सीधी टक्कर बाइक को मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में विक्रांत की मौके पर ही मौत हो गई। शक्ति गंभीर रूप से घायल था, जिसे करनाल के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे की सूचना के बाद निसिंग पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। निसिंग थाना प्रभारी जगदीश ने बताया कि हादसे में विक्रांत की मौत हो गई है, जबकि शक्ति घायल हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहित निवासी नांदनौर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वारदात में शामिल एक आरोपित को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 29 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी गत 28 दिसंबर को संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया था। उन्हें शक था कि उसके बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक पवन की टीम ने नाबालिग लड़की को बरामद कर उसकी मेडिकल जांच करवाने के बाद अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं वारदात के आरोपित विजय को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### फोटो स्टूडियो की दुकान से कैमरा चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने फोटो स्टूडियो की दुकान से कैमरा चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित अभिषेक निवासी गाजियाबाद यूपी व सुरजीत उर्फ सुमित निवासी गाजियाबाद हाल में प्याऊ मनियारी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव ठरु निवासी सुनील ने गत 20 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी कामी रोड पर फोटो स्टूडियो की दुकान है। उसे चार दिसंबर को ताला लगाकर घर चला गया। उसके करीब दस दिन बाद दुकान पर पहुंचा तो शटर टूटा हुआ मिला। अंदर सामान की जांच की तो कैमरा गायब मिला। इस संबंध में सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक दलजीत की टीम ने दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत से रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### जबरदस्ती जमीन नाम करवाने की धमकी देकर संदिग्ध हालत में लापता हुआ युवक

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में जबरदस्ती जमीन नाम करवाने की धमकी देकर संदिग्ध हालत में युवक के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक के पिता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव हरसाना कलां निवासी राजकुमार ने बताया कि उसका बेटा सुधीर उसे जमीन अपने नाम करवाने की धमकी देता रहता है। अगर जमीन नाम नहीं करवाई तो मरने के लिए कहता है। उसने बेटे से अप्रैल माह में जमीन नाम करवाने की बात कही लेकिन वह बिना किसी से कुछ बताएं घर से चला गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# गुलजारी लाल नंदा ने गीता स्थली के विकास का तैयार किया था खाका

### भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा ने गीता स्थली कुरुक्षेत्र के विकास का तैयार किया था खाका

**संकल्प**

▶▶ गुलजारी लाल नंदा की 27वीं पुण्यतिथि पर समाज के हर व्यक्ति और संस्था को जोड़ने का संकल्प लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र के विकास की आधारशिला रखने और पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की सोच के रचयिता भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की 27वीं पुण्यतिथि पर समाज के हर व्यक्ति और संस्था को जोड़ने का संकल्प लिया गया। इस संकल्प के साथ-साथ भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा का कुरुक्षेत्र बनाने पर विचार और मंथन किया गया। अहम पहलू यह है कि नंदा स्मारक स्थल की लाइब्रेरी को ई-लाइब्रेरी में बदलने के साथ-साथ उनके जीवन पर आधारित एक विशेष कक्ष बनाने का फैसला भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से लिया गया है। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की 27वीं पुण्यतिथि पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सदाचार स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, पंडित सतपाल महाराज ने नंदा स्मारक के परिसर में पौधारोपण किया। इसके उपरांत विश्वविद्यालय की तरफ से तैयार किए गए वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया। सभी मेहमानों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से बातचीत की और पेंटिंग बनाने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की है। इससे पहले विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा, उपायुक्त नेहा सिंह, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी, डीवाईएसपी के निदेशक डा. विवेक चावला, प्रोफेसर शुचि स्मिता, समाजसेवी विजय सभ्रवाल, समाज सेवी कृष्ण धमीजा, केडीबी सदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन अमरजीत सिंह, विजय नरुला, अशोक रोशा, डा. एमके मोदगिल, खैरती लाल सिंगला, समाजसेवी प्रदीप झांब प्रोफेसर, राजेंद्र राणा, डा. एसी नागपाल, डीपीआर केयूके डा. महा सिंह पुनिया, समाजसेवी विनोद गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नंदा की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। इसके बाद सभी ने नंदा स्मारक स्थल पर नंदा की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की है। इस दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की तरफ से भजनों की प्रस्तुति दी गई। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र को विकसित करने में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न गुलजारी लाल नंदा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके प्रयासों से ही कुरुक्षेत्र के विकास को एक नई दिशा मिली है। ऐसे महान व्यक्तित्व के कार्यक्रमों को अच्छे और भव्य ढंग से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अवसरों पर सभी प्रण लेना चाहिए कि कुरुक्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगें। जब सभी इस सोच के साथ काम करेंगे तो निश्चित ही कुरुक्षेत्र एक दिव्य कुरुक्षेत्र नजर आएगा। उन्होंने कहा कि भारतरत्न गुलजारी लाल नंदा के कारण कुरुक्षेत्र पर्यटन हब के रूप में उभरकर आया है।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने ली डी-प्लान की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में डी प्लान को लेकर विभिन्न संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और सभी को निर्देश दिए कि वे आगामी 15 फरवरी तक सभी विकास कार्य को पूरा कर इसकी रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जितने भी विकास कार्य डी प्लान के तहत किए जा रहे हैं उनमें खास कर नगर निगम, नगर पालिका समालखा और पंचायती राज विभाग से संबंधित हैं। इन सभी के अधिकारी अपने कार्यों में तेजी लाएं और आगामी 15 फरवरी तक इन कार्यों को पूरा करें। इसकी रिपोर्ट भी दें।

**डी प्लान**

▶▶ आगामी 15 फरवरी तक सभी विकास कार्यों को पूरा कर इसकी रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करें

डॉ. पंकज यादव ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के तहत कुल 217 विकास कार्य अलॉट किए गए हैं। जिसमें से 100 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं और 88 कार्यों में प्रगति है। वहीं 14 नए विकास कार्य शुरू होंगे, 9 कार्य नॉन फिजिकल पाए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी अधिकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखें इसमें कोई भी कोताही सहन नहीं की जाएगी।

## एनसीसी कैडेट्स की साइकिल रैली भारत के वीर एक शौर्य गाथा का कुरुक्षेत्र में होगा स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** एनसीसी के कर्नल नितेश ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ एनसीसी निदेशालय की तरफ से हुसैनीवाला से लेकर दिल्ली तक भारत के वीर एक शौर्य गाथा थीम पर साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस साइकिल रैली का 16 जनवरी को ब्रह्मसरोवर पर सुबह 11:30 बजे पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। यहां से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व एनसीसी 15 हरियाणा बटालियन जींद सीओ कर्नल जेएस डोडी साईकिल रैली को हरी झंडी देंगे। एनसीसी के कर्नल नितेश ने बताया कि हुसैनीवाला से दिल्ली जाने वाली एनसीसी साईकिल रैली का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। इस साइकिल रैली का 16 जनवरी को सुबह 11:30 बजे फ्लैग सेरेमनी कार्यक्रम होगा और 17 जनवरी को सुबह 9 बजे एनआईटी कुरुक्षेत्र से निट डायरेक्टर डा.बीवी रेड्डी व कर्नल जेएस डोडी साईकिल रैली को हरी झंडी देकर दिल्ली के लिए रवाना करेंगे।

## केयू आईआईएचएस परिवार ने किया कुलसचिव डॉ. पाल का संस्थान में स्वागत

**गौरव का पल**

▶▶ हमारे बीच में से ही हमारा शिक्षक साथी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर नियुक्त हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल का इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज में पहुंचने पर शिक्षक संकाय सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नव नियुक्त कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि आईआईएचएस परिवार के लिए यह गौरव का पल है कि हमारे बीच में से ही हमारा शिक्षक साथी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर नियुक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि संस्थान एवं विश्वविद्यालय के विकास के लिए वे भरपूर सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक संकाय सचिव डॉ. संतोष दुबे ने की ओर किया गया। इस मौके पर प्रो. अनिता दुआ ने कहा कि डॉ. वीरेन्द्र पाल बहुत मेहनती एवं अनुशासित शिक्षक है। इन्होंने पिछले 10 वर्षों अपनी कड़ी मेहनत के बल पर एनसीसी के माध्यम से संस्थान की गरिमा को बढ़ाया है। इस अवसर पर पूर्व कुटा अध्यक्ष प्रो. परमेश ने कहा कि उनकी हार्दिक इच्छा की पूर्ति हुई है कि संस्थान का शिक्षक विश्वविद्यालय का कुलसचिव बना है। डॉ. अश्विनी कुश ने कहा कि सभी शिक्षक साथियों के लिए आज गौरव का पल है कि हमारा साथी इस मुकाम तक पहुंचा है। डॉ. संतोष दहिया ने कहा कि संस्थान के लिए डॉ. वीरेन्द्र पाल का कुलसचिव बनना सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संतोष दुबे ने सभी शिक्षक साथियों सहित डॉ. वीरेन्द्र पाल का संस्थान में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ एवं पुष्प मालाओं द्वारा हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आईआईएचएस संस्थान के एक साथी का विश्वविद्यालय का कुलसचिव बनना सभी साथियों के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## गर्म लोई, गर्म शाल, जुराब बांटकर मनाया लोहड़ी व संक्रांति पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री बालाजी परिवार के सदस्य जितेन्द्र बंसल ने बताया कि प्रेरणा वृद्ध आश्रम कुरुक्षेत्र में रह रहे माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान बाला जी परिवार समय समय पर करता रहता है। इसी कड़ी में प्रेरणा वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को गर्म लोई, गर्म शाल, जुराब, बांटकर लोहड़ी व संक्रांति का त्योहार मनाया गया। बुजुर्गों के लिए तिलों के लड्डू बनवाये गये व मुंगफली रेवड़ी भी वितरित की गई, परिवार द्वारा आश्रम के



कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। सबसे पहले श्री बालाजी महाराज के चरणों में संकिर्तन किया गया, आग जला कर व नाच गा कर लोहड़ी का त्योहार मनाया गया, जय भगवान सिंगला व रेणु खुग्गर ने पटका पहना कर सभी का सम्मान किया। इस अवसर पर विशेष तौर पर शहर के जाने-माने पत्रकार व समाजसेवी देशराज भटनागर, प्रेरणा वृद्ध आश्रम के संस्थापक/उद्योगपति जय भगवान सिंगला, हन्नी सिंगला, वृद्ध आश्रम की प्रधान रेनू खुग्गर, सुरेशा, नरेश कुमार, किरण, रामदेव, रितु भारद्वाज, हरिकेश पापोसा, दर्शन सैनी व बाला जी परिवार से समाजसेवी/उद्योगपति नरेश कुमार जैन, रामनिवास बंसल, मनीष खुराना, अशोक गोयल, रामकुमार वर्मा, मुनीष मित्तल, पवन वर्मा, नरेश शर्मा, सुशील गोयल, प्रवीण गोयल, पारस, पवन मित्तल, अंकुश मित्तल, अंकुर मित्तल, श्रीकान्त बंसल, मीना जैन, सुनीता गोयल, सुमन बंसल, नीलम खुराना, मिथलेश, किरण शर्मा, दया शर्मा, केशव, रिद्धि, ऋषिका, आदी उपस्थित रहे।

**सम्मान**

▶▶ प्रेरणा वृद्ध आश्रम कुरुक्षेत्र में रह रहे माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान बाला जी परिवार समय समय पर करता रहता है

## गाड़ी से धान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी से धान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अतुल निवासी जीवन विहार सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। असलं सनशाइन काउंटी सोनीपत निवासी राजेश ने गत 13 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कुमासपुर में स्थित कंपनी में बतौर इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। धान का स्टॉक कंपनी के साथ लगती गांव किशोरा की जमीन पर लगाया हुआ है। जहां से धान को गाड़ियों में लोड करके कंपनी में लाकर चावल निकालते है। धान लोड करने के लिए देव ट्रांसपोर्ट सोनीपत से गाड़ियां समय-समय पर मांगते है। गत 22 दिसंबर व 9 जनवरी को एक गाड़ी ने स्टॉक से धान को कंपनी में लाने के लोड किया, लेकिन दो दिन तक गाड़ी चालक ने स्टॉक से लोड किए धान को कंपनी में नहीं पहुंचाया। उसके कही ले जाकर बेच दिया। सीसीटीवी की जांच की तो उसने धान लोड करके कंपनी से निकलती हुई गाड़ी दिखाई दे रही है। मामले को लेकर बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम ने आरोपित अतुल निवासी जीवन विहार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया।

**वारदात**

▶▶ जीवन विहार सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चेतराम उर्फ अंकित निवासी राठधाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिपाही अनिल की टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ रोड पर महाराणा प्रताप चौक के पास मौजूद थी। उसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर राठधाना रोड पर युवक के हथियार होने व वारदात को अंजाम देने की सूचना मिली। टीम ने युवक को मौके से काबू कर उसकी तलाशी ली।

## रक्तदान-महादानः स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** माधव इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सैक्टर 17 में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि नायब तहसीलदार परमजीत सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। विश्व हिन्दु परिषद् के नगर अध्यक्ष प्रोफेसर विवेक शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष रहे। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं शतकवीर पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार शिविर संयोजक थे। शिविर में डॉ. मृनाल गोयल, प्रोफेसर राज कमल शर्मा, विश्व



हिन्दू परिषद् के जिला मंत्री अधिवक्ता अजय गुप्ता, प्रेम नारायण अवस्थी, अधिवक्ता सुनील मुंजाल, जीवन मौदगिल, विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में प्रोफेसर विवेक शर्मा, माधव इमीग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड के सदस्यों ने मुख्य भाग लिया। शिविर में 67 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ड्रग-फ्री हरियाणा ड्राइव रहा जिसे हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। स्थानीय जनता और युवाओं ने न केवल रक्तदान में बल्कि नशामुक्ति अभियान में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर समाज सेवा और जनहित में एक प्रेरणादायक पहल बना।

**उद्देश्य**

▶▶ पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं शतकवीर पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार शिविर संयोजक थे

## डेरी संचालकों के खिलाफ प्रशासन उठायेगा सख्त कदमः उपायुक्त

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा सरकार के सफल प्रयासों से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिसे तरह से किया जा रहा है उससे शिकायतकर्ताओं का विश्वास प्रशासन के प्रति और मजबूत हुआ है। शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता इस बात को लेकर संतुष्ट है की प्रशासन उनकी समस्याओं को तत्काल समाधान कर रहा है। उपायुक्त ने जनता समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाधान शिविर की गरिमा को ध्यान में रखकर अधिकारियों के साथ मधुर व्यवहार करें। क्योंकि अधिकारियों द्वारा ही उनकी समस्याओं का समाधान



किया जाना है। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि फैमली आईडी में अगर किसी शिकायतकर्ता की इन्कम उनके द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र से ज्यादा है और वह इन्कम कम करवाना चाहता है तो उसके खिलाफ गुमराह करने के आरोप के तहत एफआईआर दर्ज होगी। उपायुक्त ने ओमप्रकाश वासी डाहौला द्वारा फैमली आईडी में इन्कम कम करवाने संबंधित दी गई अर्जी के संदर्भ में संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रार्थी के घर जाकर जांच पड़ताल करें। उपायुक्त ने कहा कि जो डेयरी संचालक साफ सफाई की धज्जियां उड़ा रहे है पहले उन्हें विभाग द्वारा नोटिस भेजा जाएगा उसके बाद उन्हें जुर्माना लगाया जाएगा व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष तौर पर पंचायत द्वारा एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। यह सब स्वच्छ भारत अभियान को गति देने के लिए किया जाएगा। उपायुक्त ने एक प्रार्थी की शिकायत पर राणा माजरा के डेरी संचालकों पर डेरी का गंद बहाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता समाधान शिविर में पहुंचे शिकायतकर्ता यशपाल ने सामान्य अस्पताल की जमीन पर कब्जा करके बनाई गई मस्जिद की निशानदेही कराने की प्रशासन से मांग की। प्रशासन द्वारा निशानदेही करवाने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता अनिल वासी गांधी कॉलोनी ने उपायुक्त से राशन कार्ड बनवाने की प्रार्थना की। उपायुक्त ने खादय एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतू को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता सलोचना देवी वासी नौल्था ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उनके पति का देहांत हो चुका है। उनका बीओसीडब्ल्यू के अंतर्गत विभाग में रजिस्ट्रड आधार कार्ड से हटवाया जाएं।

**समाधान**

▶▶ शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता इस बात को लेकर संतुष्ट है की प्रशासन उनकी समस्याओं को तत्काल समाधान कर रहा

## घर से ताले तोड़कर साढ़े 12 तोले सोने के जेवरात व दो लाख रुपयों की राशि चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना सोनीपत क्षेत्र के जमालपुर स्थित मकान के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर घर से सोने के जेवरात व लाखों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। तहसील वाली गली जमालपुर निवासी प्रिंस ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब छह बजे वह अपने भाई के साथ जमीन चले गए। जबकि उनकी मां दरवाजे पर ताला लगाकर गुरुद्वारे चली गई। जब दोनों भाई जमीन से वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो अलमारी के अंदर रखी सोने की पांच चेन, चार अंगूठी, एक गले का सेट, एक मंगलसूत्र, इयररिंग, चांदी की पायल और एक डायमंड की रिंग गायब थी। सोने के आभूषण करीब साढ़े 12 तोले के थे। वहीं, अलमारी में रखे दो लाख रुपये भी चोर ले गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फिंगर एक्सपर्ट को बुलाकर वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए गए है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घर से जेवरात व रुपये चोरी होने की शिकायत मिली है। इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

**जांच जारी**

▶▶ पुलिस चोर की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है

# डॉ राकेश गर्ग को मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री ने किया स्टेट एनएसएस अवार्ड से अलंकृत

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के एनएसएस यूनिट व प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और खेल मंत्री गौरव गौतम ने हाल ही में आयोजित इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम पंचकूला में स्टेट एनएसएस अवार्ड से अलंकृत किया और डॉ राकेश गर्ग को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और 31000 रुपए की धनराशि प्रदान कर उनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों, जागरूकता अभियानों और समाज सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया । पुरस्कार वितरण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, मेयर कुलभूषण गोयल,




सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग आईएएस, अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांग्वाल आईएएस, उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस, पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक आईपीएस आदि भी उपस्थित रहे । समारोह में प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने भी शिरकत की और डॉ राकेश गर्ग द्वारा इस पुरस्कार को पाने को गर्व का पल बताया । डॉ राकेश गर्ग गत वर्ष भी कुरुक्षेत्र विश्वविधालय से सर्वश्रेष्ट प्रोग्राम अधिकारी का पुरस्कार पा चुके है । डॉ राकेश गर्ग ने पानीपत जिले और हरियाणा प्रदेश को एनएसएस के क्षेत्र में एक अलग स्थान और पहचान दिलाई है । पूरे प्रदेश में 3 स्टेट एनएसएस

**सम्मान**

**डॉ राकेश गर्ग को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और 31000 रुपए की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया**

अवार्ड की घोषणा डीजीएचई हरियाणा सरकार द्वारा की गई थी । स्टेट एनएसएस अवार्ड को प्रत्येक वर्ष एनएसएस स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस इकाइयों, विश्वविद्यालयों और परिषदों को उनके स्वैच्छिक सेवा योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है । डॉ राकेश गर्ग द्वारा पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी के साथी कार्य किया है । उन्होनें प्रधानमन्त्री योजना, उज्जवला योजना, जन-धन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ जैसी स्कीमों में मेहनत से कार्य किया है । रक्तदान शिविरों में वे 28 बार रक्तदान कर चुके है । एसडी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) के सभी पदाधिकारियों, एसडी पीजी कॉलेज पानीपत प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजेव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और अन्य प्राध्यापकों ने कॉलेज एनएसएस यूनिट व डॉ राकेश गर्ग की इस उपलब्धि को विलक्षण और असाधारण बताया और उन्हें बधाई दी।

# वस्त्र वितरण-एक पहल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
आई.बी.महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब , एन.सी.सी इकाई और एन.एस.एस के संयुक्त तत्वावधान में आज वस्त्र वितरण-एक पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस नेक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग के द्वारा किया गया। डॉ. गर्ग ने कहा की वर्तमान में हमारे आस-पास कई ऐसे लोग है जिनके पास तन ढकने के लिए पर्याप्त वस्त्र नहीं है और जैसा की ठंड का मौसम अपने चरम पर है तो हम सब का दायित्व बनता है की ऐसे लोगों की हर संभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया की स्टाफ और क्लब ने मिलकर जरूरतमंद लोगों के लिए 150 पैकेट्स ऊनी वस्त्र, कंबल , जूते इत्यादि के तैयार कर दिए हैं




और इन्हें अंसल सुशांत सिटी में लेबर क्लास के गरीब तबके के लोगों को वितरित किए गए एवं फ्लाईओवर के नीचे बैठे जरूरतमंद लोगों को वितरित किये गए । कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा करना तथा गरीब और जरूरतमंद लोगो के लिए कुछ करना एक सराहनीय कार्य है और हर एक को इससे जुड़ना चाहिए । एन.सी.सी प्रभारी डॉ. नरवीर और एन.एस.एस प्रभारी प्रो खुशबू ने बताया कि पिछले पंद्रह दिनों से तीनों इकाइयों के सदस्य इस नेक काम को सफल करने के लिए कार्यरत थे । इस अवसर पर डॉ. निधान सिंह, डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. परवीन , प्रो अजय पाल, प्रो माधवी , राम मेहर शर्मा, प्रिंस उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रो. विनय भारती, प्रो अंजलि गुप्ता, प्रो. पूजा मौजदू रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 20 से 31 जनवरी तक पशुपालकों के लिए किया जा रहा है ट्रेनिंग का आयोजन

**सोनीपत।** पशुपालन व डेयरिंग विभाग से उपमण्डल अधिकारी डॉ0 बलजीत सिंह दलाल ने बताया कि किसान के लिए खेती के साथ-साथ पशुपालन भी आय का मुख्य स्त्रोत होता है इसलिए अगर पशुपालन को व्यवसाय के तरीके से परीक्षण लेकर किया जाए तो किसान और अधिक मुनाफा कमा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार विभाग द्वारा ऐसे पशुपालकों के लिए 11 दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग का आयोजन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक पोली क्लीनिक सोनीपत में किया जाएगा। इसलिए इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र अपने गांव में स्थित पशु चिकित्सालय के माध्यम से पशुपालन व डेयरिंग सोनीपत कार्यालय में 17 जनवरी तक भेज सकते हैं।

### नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा रादौर में नवीन संकल्प शिविर लगाये गये



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र/रादौर:** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस श्रृंखला में रादौर हल्के के गांव मंडेबर और जोड़ियां में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए गए जिसमें गांव के लोगों को पेंशन ,आधार और परिवार पहचान पत्र संबंधित कागजों को पूरा करने में मदद की गई। इस अवसर पर मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श व नि:शुल्क दवाइयां दी गई। सांसद जिन्दल की पहल पर लगे इस मेडिकल कैंप में रक्त और यूरिन की जांच भी की गई। सांसद नवीन जिन्दल के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि रादौर के दोनों गांवों में आयोजित कैंपों में 109 मरीजों को परामर्श और दवाइयां दी गई और 24 मरीजों के टेस्ट भी किए गए। इसके साथ-साथ कागजात व नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधित 68 लोगों को भी लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि रादौर हल्के में अगले नवीन संकल्प शिविर 22 जनवरी को गांव मंडेबरी और सुढैल में आयोजित किए जाएंगे।

### नगर परिषद के प्रधान और सदस्य चुनाव में निर्धारित सीमा तक कर सकेंगे चुनावों का खच :र्नेहा सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा के नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए खर्च करने की सीमा निर्धारित कर दी गई है। इन आगामी चुनावों में नगर परिषद के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी 20 लाख रुपए, सदस्य पद के लिए 4.50 लाख रुपए की राशि खर्च कर सकेगा। इसके अलावा नगर पालिका के प्रधान पद के लिए खर्चों की राशि 12.50 लाख रुपए और नगरपालिका सदस्य पद के लिए यह खर्च सीमा 3 लाख रुपए निर्धारित की गई है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार म्युनिसिपल बॉडी के चुनावों के लिए खर्चों को लेकर कुछ गाइडलाइन जारी की गई है। इन गाइडलाइन के अनुसार नगर परिषद के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी 20 लाख रुपए, सदस्य पद के लिए 4.50 लाख रुपए की राशि खर्च कर सकेगा। इसके अलावा नगर पालिका के प्रधान पद के लिए खर्चों की राशि 12.50 लाख रुपए और नगरपालिका सदस्य पद के लिए यह खर्च सीमा 3 लाख रुपए निर्धारित की गई है। म्युनिसिपल बॉडी के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव परिणाम आने के बाद एक माह के भीतर अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा अधिकृत अधिकारी व कमेटी के पास जमा करवाना होगा।

# दौड़ में जमीला झामबा सबसे तेज दौड विजेता रही

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से बुधवार को खेल स्टेडियम गांव बापौली में सनौली-बापौली ब्लॉक की आंगनवाड़ी वर्करों एवं हेल्परों के सहयोग से लडकियों एवं महिलाओं की एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें मुखयअतिथि सीडीपीओं लक्ष्मी देवी ने विजेता रही खिलाड़ियों को नगद ईनाम राशी देकर सममानित किया गया । इस पर सीडीपीओं लक्ष्मी देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण लडकियां और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ रही हैं । वे इस तरह की खेलकुद प्रतियोगिताओं में बढ चढ कर हिस्सा लें । जिसमें ग्रामीण प्रतिभाएं उजागर हो सके । इसके लिए विभाग



लडकियों और महिलाओं के लिए अनेक जागरूकता कार्यक्रम करता रहता हैं। ताकि वे पर्दा प्रथा जैसे सामाजिक बुराईयों से उपर उठ कर घर से बाहर निकले । इससे लिए उन्हें सबसे पहले शिक्षित होना होगा । बगैर शिक्षा वे समाज में अपनी पहचान नही बना सकती। महिलाएं लडके और लडकियों को बराबर समझे । आज लडकियां किसी भी क्षेत्र में लडको से पिछे नही हैं । जब महिलाएं घरों से बाहर निकलेगी तो उनमें उत्मविश्वास बढेगा । आज पांच अलग-अलग खेलकूद प्रतियोगिता हुई । इस अवसर पर सुपरवाईजर मीना कुमारी, शीला, संगीता, सुषमा, सुनीता, कविता, कलदीप, सुखबीर आदि अनेक मौजूद रही। लडकियों की साइकिल

**प्रतियोगिता**

**महिलाएं लडके और लडकियों को बराबर समझे। आज लडकियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं**

दौड़ में सबनम बापौली माजरा प्रथम, पूनम गढी भलौर द्वितीय और कृति गढी भलौर तृतीय रही । 30 वर्ष से कम आयु वर्ग की महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में जमीला झामबा प्रथम, कविता मिजार्पूर द्वितीय और सपना उझा तृतीय रही । 300 मीटर दौड़ में रितिका बिहोली प्रथम, तनू गोयला खुर्द द्वितीय और वंशिका नगला पार तृतीय रही।

# अवैध खनन करने वाले लोगों पर विभाग की कार्रवाई जारी

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग द्वारा लगातार अवैध खनन करने वालों में कार्रवारी की जा रही है। इसी कड़ी में 14 जनवरी को अवैध खनन को लेकर गांव भैंसवाल कलां मिठान के निवासी परमजीत व देवेन्द्र के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाते हुए उनके खिलाफ अवैध खनन को लेकर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन को लेकर उन्हें किसी भी समय कोई सूचना या शिकायत मिलती है तो वे तुरंत उसके खिलाफ कार्रवाई करते



हैं। इसके साथ ही जिला में दिन-रात लगातार चैकिंग की जा रही है तथा अवैध खनन से जुड़े व्यक्तियों/वाहनों को किसी भी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा और अवैध खनन से जुड़े लोंगों पर विभाग की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# कोहरे के चलते बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**पानीपत** में कोहरे के चलते बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। समालखा में पट्टीकल्याणा गांव के पास नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के दो दोस्त बुलेट पर सवार होकर दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे। तभी धुंध के कारण रास्ते में उनकी बाइक एक कैंटर से टकरा गई। मृतक छात्रों की पहचान कृष और अनुराग के रूप में हुई है, दोनों दिल्ली के ही एक निजी स्कूल में पढ़ते थे, जिनकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। कृष दिल्ली का रहने वाला था, जबकि अनुराग बिहार का निवासी था। हादसा सुबह करीब 4 बजे पट्टीकल्याणा के नजदीक पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां घने कोहरे के कारण उनकी दिल्ली नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल एक कैंटर से टकरा गई। मृतक छात्रों की पहचान कृष और अनुराग के रूप म हुई है, दोनों दिल्ली को बुक बिल्डी स्कूल में पढ़ते थे, कृष बिहार का निवासी था। हादसा सुबह करीब 4 बजे पट्टीकल्याणा के नजदीक पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां घने कोहरे के कारण उनकी दिल्ली नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल एक कैंटर से टकरा गई।

# शहर के बदहाल पार्कों की होगी सुदृढ़ व्यवस्था: पंकज यादव

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन ) नगर निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय में शहर के पार्कों की प्रधान व्यवस्था को सुधारने के लिए निगम अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षक अभियंता पुनीत, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण और राहुल पूनिया, जेई अजय छोकर भी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त ने शहर के पार्कों में रोशनी हेतु लगाई गई लाइटों की स्थिति का जायजा लिया तथा खराब हुई लाइटों को तुरंत प्रभाव से ठीक करने के निर्देश दिए।



इसके अतिरिक्त जहां पर रोशनी की व्यवस्था नहीं है उन पार्कों का सर्वे करके रिपोर्ट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को एक साफ सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना हम सब का नैतिक दायित्व है और उसमें सभी अधिकारी जी जान से लग जाएं। उन्होंने कहा कि शहर के पार्कों की हालत ठीक करने के लिए विशेष रूप से बार-बार निरीक्षण करें और इन्हें ठीक करवाएं।

# केयू शैक्षणिक परिषद की 284वीं बैठक 25 फरवरी को

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में केयू शैक्षणिक परिषद की 284वीं बैठक 25 फरवरी 2025 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के कमेटी रूम में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। यह बैठक फिजिकल एवं वर्चुअल दोनों मोड में आयोजित होगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय कोर्ट की 76वीं बैठक 28 फरवरी 2025 को दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर केयू सीनेट हॉल में फिजिकल एवं वर्चुअल दोनों मोड में आयोजित होगी।

# टैक्स की देय राशि न अदा करने पर होगी कार्यवाही

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) निगम आयुक्त डॉ.पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स, फायर टैक्स देय राशि अदा न करने वालों को नोटिस भेजने के बाद उनकी बिजली -पानी को कट किया जाएगा व प्रॉपर्टी को सील किया जाएगा। प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है। अगर जल्द से जल्द देय राशि को नहीं चुकाया गया तो इसके लिए उन्हें तैयार रहना चाहिए। निगम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि देय राशि में हरियाणा स्टेट फेंडरेशन ऑफ कॉ-ओपरेटिव शुगरमिल लिमिटेड की कुल देय राशि 47607732.58 है, शुगरमिल की देय राशि 47245536.78, हरियाणा स्टेट ऑफ कॉ-ओपरेटिव

**सख्ती**

**टैक्स देय राशि अदा न करने वालों को नोटिस भेजने के बाद उनकी बिजली -पानी को कट किया जाएगा**

शुगरमिल लिमिटेड की कुल देय राशि 47187614.57, उत्तरी हरियाणा विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जीओएच की कुल देय राशि 41374730.11, संतोष बांगा, अजय बांगा, बचन बांगा, तरूण बांगा की कुल देय राशि 24665337.86,जतिन गुप्ता की कुल देय राशि 17448383.63 है। तपन कुमार गुप्ता की कुल देय राशि 17445703.09, दिल्ली गुजरात फलीट कैरियर प्राईवेट लिमिटेड की कुल देय राशि 15479000.11, धर्मवीर गुलाटी की कुल देय राशि 13591521.8,क्षत्रीय पंजाब खादी मदन लाल की कुल देय राशि 7708246.81, अनु कालरा की कुल देय राशि 7486719.49, चंचल जुनेजा की कुल देय राशि 7202022.9, अविनाश चंद्र की कुल देय राशि 6963913.29, महेन्द्र कुमार सैनी की कुल देय राशि 6925763.39 है। दिनेश जैन की कुल देय राशि 6373990.29, जोगिन्द्र की कुल देय राशि 6252187.48, भारत मेहता, दिव्या मेहता, नेहा की कुल देय राशि 5455310.88, गुंजन आहुजा की कुल देय राशि 4539748.67, अक्षय जैन की कुल देय राशि 4489160.09, रीना श्रीवास्तव की कुल देय राशि 4471537.95, दिपक सिंगला, सरेन्द्र सिंगला की कुल देय राशि 4208045.71, निर्मला रानी, ललिता रानी की कुल देय राशि 4017600, सुभाष की कुल देय राशि 4000860, शिव टेंडिंग की कुल देय राशि 3489072.68 है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण जीओएच की कुल देय राशि 3311136.81, अविनाश चंद्र की कुल देय राशि 3267718.43, राधे श्याम की कुल देय राशि 2982248.65, विकास गर्ग, अजय गर्ग, रोहित गर्ग, संचित गर्ग की कुल देय राशि 2931207.35 है।

# दो दिन से हड्डी रोग विभाग की ओपीडी बंद

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल सोनीपत में मरीजों को ठीक से उपचार नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को उपचार के लिए कई-कई दिनों तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे। हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में चिकित्सक न होने के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब डेढ़ माह से विभाग में तैनात चिकित्सक वीआईपी ड्यूटी व आपातकालीन ड्यूटी, कोर्ट ड्यूटी में व्यस्त है। जिसके चलते मरीजों को बिना उपचार के वापिस लौटना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज दो हजार के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन होता है। हडडी रोग विभाग में हर रोज तीन सौ से ज्यादा मरीज अस्पताल में उपचार के लिए आते है। गत डेढ़ माह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओपीडी में तैनात चिकित्सकों की ड्यूटी वीआईपी, आपातकालीन व कोर्ट ड्यूटी रहती है। जिसके चलते चिकित्सक ओपीडी में समय नहीं दे पा रहे है। सोमवार व मंगलवार को ओपीडी बंद होने के चलते मरीजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हड्डी विभाग में दो चिकित्सक तैनात थे। जिसमें से एक चिकित्सक डा. दीपक मलिक ने नागरिक अस्पताल से पद छोड़ दिया है।

# पानी बचाने के लिए हर विभाग को तैयार करनी होगी योजना: विरेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र:** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र कुमार ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए हर विभाग को मास्टर प्लान तैयार करना होगा। इस प्लान के अनुसार पानी को बचाने के साथ-साथ आमजन को पानी बचाने के प्रति जागरूक करना होगा। इतना ही नहीं प्रत्येक सरकारी विभाग को अपने सरकारी भवनों पर रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करने का जल्द से जल्द प्रयास करना होगा सीईओ जिला परिषद विरेन्द्र कुमार बुधवार को जिला परिषद कार्यालय में जल संचय जन भागीदारी विषय को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



इससे पहले जिला परिषद के सीईओ विरेन्द्र कुमार ने सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, डीडीपीओ, एचएसवीपी, डीआईपीआरओ, कृषि विज्ञान केन्द्र, जन स्वास्थ्य, पंचायती राज, मिकाडा, लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, जिला नगर योजनाकार, बागवानी, एमएसएमई, नगर परिषद व नगर पालिका, नेहरू युवा केन्द्र, एचएसआरएलएम व मनरेगा विभागों के अधिकारियों से जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की और पोर्टल पर अपडेट किए गए डाटा के बारे फीडबैक ली है।

**रोडमैप**

**इस प्लान के अनुसार पानी को बचाने के साथ-साथ आमजन को पानी बचाने के प्रति जागरूक करना होगा**

सीईओ विरेन्द्र कुमार ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में भू जल स्तर में सुधार लाने के लिए जन आंदोलन के रूप में कार्य करना होगा। इस अभियान के साथ आमजन को जोड़ना होगा और पानी की एक-एक बूंद बचाने के प्रति जागरूक करना होगा। अगर समय रहते जल संरक्षण को लेकर कार्य नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं कुरुक्षेत्र के नागरिकों को पीने के लिए पानी की किल्लत पैदा हो जाएगी। कुरुक्षेत्र के 7 ब्लॉक डार्क जोन में पहुंच चुके है और सभी जगहों पर पानी का स्तर 150 फीट से ज्यादा नीचे चला गया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने कड़ा संज्ञान लिया है और अधिकारियों को सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के आदेश दिए है।
उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी जल शक्ति अभियान, जल संचय, जिला वाटर रिसोर्सिस की रिपोर्ट को पोर्टल पर अपडेट करने के साथ-साथ सिंचाई विभाग को अपनी रिपोर्ट नियमित रूप से सौंपनी होगी।

# सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण: आरओ

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )
**हरियाणा** सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की तैयारियों को प्रशासन ने अंतिम रूप दे दिया है। निर्भीक, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता पूर्वक चुनाव कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। वार्ड 23 के लिए होने वाले चुनाव के लिए 9 मतदान केंद्र बनायें गए है। जिन पर सभी तरह की बिजली पानी रैम्प व शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 9 हजार 683 कुल मतदाता है। जिनमें पुरूष मतदाता 4 हजार 881 व महिला



मतदाता 4 हजार 802 है। जो ईवीएम के माध्यम से मतदान करेंगे। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम के 5 बजे तक निर्धारित है। चुनाव में एक पीठासीन अधिकारी, एक वैक्लपिक पीठासीन अधिकारी व दो पीठासीन अधिकारी होंगे। निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि मतदान के दिन ही सभी केंद्रों पर मतगणना होगी व विजेता प्रत्याशी से फार्म 19 भरवाया जाएगा। उसके पश्चात तत्काल मतों की गणना की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी 100 मीटर की दूरी पर अपना टैंट लगा सकते है। चुनाव को लेकर दो रैंडामाईजेशन हो चुके है व दो होने बाकी है।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भरा अपना नामांकन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आजाद पुर स्थित एसडीएम मॉडल टाउन कार्यालय में अपना नामांकन पत्र भरा। आजादपुर से एसडीएम आफिस तक भारी हजारों लोग देवेन्द्र यादव पर फूलों की बारिश कर रहे थे। देवेन्द्र यादव अपना नामांकन भरने जनता के इस विश्वास के साथ पहुंचे कि 8 तारीख को दिल्ली की जनता के सहयोग से कांग्रेस दिल्ली में एक बार फिर अपनी सरकार बनाऐंगी। नामांकन भरने निकले देवेन्द्र यादव की पदयात्रा में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, क्षेत्र की जनता सहित झारखंड की मंत्री दीपिका पांडे सिंह, नेशनल मीडिया कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, स्व. अहमद पटेल की पुत्री मुमताज पटेल, अभाककमेटी सचिव कुलजीत नागरा, राजस्थान से विधायक मनीष यादव, पंजाब के पूर्व मंत्री श्याम सुंदर अरोड़ा शामिल थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में दिल्ली की जो बदहाली और बबार्दी केन्द्र की भाजपा सरकार और अरविन्द केजरीवाल ने की है उसके खिलाफ 5 फरवरी को बादली और दिल्ली की जनता अपना मत व्यक्त करेगी। दिल्ली की जनता बेरोजगारी से निजात, महंगाई से राहत, गंदे पानी से छुटकारा, टूटी सड़कों, गंदगी, कूड़े के ढ़ेरों से निजात दिलाने के लिए, दिल्ली में बदलाव लाने के लिए वोट डालेगी। उन्होंने कहा कि आपका भाई, आपका बेटा दिल्ली के विकास के लिए वो सब कुछ करेगा जो 11 वर्ष पहले बादली की जनता के लिए किया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने 2014 में जनता से जो वादे किए थे उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। जेजे कलस्टर, अनाधिकृत कालोनियां, पुनर्वास कालोनियों के लाखों लोग आज भी पीने के पानी को तरस रहे है और जो पानी मिल रहा है वो गंदा आता है, झुग्गी झोपड़ी की महिलाओं को दूर दूर से पानी लाना पड़ता है।



कौशलपुरी में जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व पार्षद सुशील जोंटी साथ में प्रत्याशी अशोक गोयल व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आगामी विधानसभा चुनाव हेतु नामांकन के पहले दिन दिल्ली भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन श्री मुहुर्त में दायर किए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की उपस्थिति में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन यात्रा में दिल्ली की जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया और भाजपा उम्मीदवारों के पीछे चल रहा जन सैलाब इस बात का गवाह था कि जानता आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचारी सरकार से पूरी तरह से त्रस्त है और अब वह दिल्ली में परिवर्तन चाहती है। इसलिए जनता इस बार भाजपा प्रत्याशियों को





अपना आशीर्वाद देकर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार लाने वाली है। आज हुए नामांकन में नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली भाजपा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कालका जी से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी और सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मालवीय नगर से भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय ने वीरेंद्र सचदेवा और सांसद बांसुरी स्वराज की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोहिणी से भाजपा प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया और भाजपा का विजय संकल्प दोहराया। पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत एवं राजकुमार आनंद ने भी आज हजारों कार्यकर्ताओं की विजय यात्रा के बाद सादगी से चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए।

# सैंकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने दाखिल किया नामांकन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित भाजपा नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस प्रत्याशियों ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने भी धीरपुर आई टीआई में नामांकन पत्र दाखिल किया, इस दौरान मंगेश के साथ कांग्रेस के हजारों की तादात में पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी झूमते गाते मंगेश के साथ पहुंचे। मंगेश नामांकन से पूर्व मंदिर गए और ईश्वर का आशीर्वाद लिया। नामांकन से पूर्व मंगेश ने क्षेत्र की जनता का आर्शिवाद लेने के लिए जनसंपर्क भी किया और बुराड़ी क्षेत्र की जनता से उन्हें आशीर्वाद देने की अपील की। इस दौरान मंगेश ने कहा कि हम माताओं-बहनों को लेकर पहले भी काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मंगेश ने कहा कि पूरे दस सालों तक आप विधायक संजीव झा ने क्षेत्र की जनता को अंधेरे में रखा है और सुविधाओं के नाम पर बस ठेंगा ही दिखाया है। लेकिन इस बार हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विधायक संजीव झा की जमानत जब्त हो। उन्होंने यहां के गरीब लोगों को धोखा दिया है और झुग्गीवासियों के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल व क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने ईमानदारी और काम के नाम पर वोट मांगे थे लेकिन आज सच्चाई सबके सामने है।

## बादली: हमें संगठित होकर कार्य करना होगा: जितेन्द्र ढीका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता जितेन्द्र ढ़ीका ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे है, जनता भाजपा के समर्थन की बात कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार दीपक चौधरी भारी मतों से विजयी होगें। क्योंकि इनकी साफ और स्वच्छ छवि से लोग काफी ज्यादा प्रभावित हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि मैं सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि सभी कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक



पहुंचाये, जिससे की भाजपा की नीतियों व कार्यों को जनता बेहतर तरीके से जान सके। उन्होंने यह भी कहा कि हमें संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर बहुताय की संख्या में लोग आप व कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे है।

## केजरीवाल-आतिशी के मंदिर, झुग्गी तोड़ने वाले झूठे ब्यान अक्षम्य हैं: वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज एक प्रेस वार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी के अनेक रूप हैं और उनमें से एक रूप है कि उससे जुड़े नेता और एन.जी.ओ. के लोग दिल्ली का सामाजिक और सामाजिक सुरक्षा वातावरण बिगाड़ने के लिए काम करते रहते हैं।
दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रेस वार्ता का संचालन किया और कहा की 2013 से 2024 तक अरविंद केजरीवाल ने केवल झूठ और



भ्रम के बल पर सत्ता बनाये रखी है पर 2025 मैं दिल्ली अब झूठ एवं भ्रम के खेल का ह्रास करेगी। प्रेस वार्ता में विक्रम मित्तल एवं संकेत गुप्ता भी उपस्थित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की स्वंय अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मालेर्ना द्वारा गत कुछ दिनों में बार बार मंदिर या झुग्गी तोड़ने को लेकर दिए झूठे ब्यान अक्षम्य हैं, दिल्ली वाले इन्हे माफ नहीं करेंगे। पश्चिम दिल्ली में गत कुछ वर्षों में हमने देखा कि व्यापारियों से लूट-लपाट की घटनाओं में वृद्धि हुई।

## गरीब और जरूरतमंदों की सभी करें मदद: सतीश कांगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सतीश कांगड़ा ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में सतीश कांगड़ा ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। वजीरपुर के



समाजसेवी श्री कांगडा ने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें।

# मुकरबा चौक: गंतव्य संस्थान ने वरिष्ठ नागरिको को दिये कम्बल और फल









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गन्तव्य संस्थान के अध्यक्ष अरविन्द कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि गंतव्य संस्थान के सदस्यों की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों को कंबल व खाद्यान्न सहयोग अभियान के अंतर्गत मुकरबा चौक स्थित माता रामबेटी वृद्धाश्रम पहुंची, जहां सभी ने बुजुर्गों को कम्बल ओढाकर व फल आदि देकर सम्मानित किया।
उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब एक महीने का राशन व फल भी आश्रम के व्यवस्थापक पंकज यादव के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि गंतव्य संस्थान इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों को कंबल व खाद्यान्न सहयोग कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. डी सी अग्रवाल, डॉ प्रेमनारायण, रविन्द्र सिंह, विजय शर्मा, विजय मलिक, अर्चना त्यागी, चारु एवं सुकृती त्यागी के साथ गंतव्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार त्यागी ने भी वितरण में भाग लिया एवं बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। उपहार पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। अरविन्द कुमार त्यागी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए।

# महाकुम्भ से समझिए भारत की संस्कृति को

## सनातन क्या है उसकी आत्मा क्या है भारत को अखंड क्यों कहते हैं

**महाकुम्भ नगर**
**महाकुम्भ** मौजूदा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा और व्यापक, व्यवस्थित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, बहुराष्ट्रीय, बहुभाषीय, दैवीय जन-समागम है। संगम की रेती पर 45 दिनों के लिए एक अलौकिक संसार आकार ले चुका है। सनातन क्या है उसकी आत्मा क्या है भारत को अखंड क्यों कहते हैं यह अनेकता में एकता का देश कैसे है सैकड़ों भाषा बोलियों, वेशभूषा और खान पान वाले लोग एक ही देश में कैसे मिलजुल कर रहते हैं सनातन के भिन्न-भिन्न पंथ, मत, सम्प्रदाय, पूजा पद्धतियों और विश्वास कैसे फलते फूलते और आदर पाते हैं यानी सनातन को लेकर अगर आपके मन में सवाल हों, और



उनका उत्तर आप जानना और समझना चाहते हैं, तो आपक बिना समय गंवाये तीर्थराज प्रयाग में चल रहे महाकुम्भ में चले आइये। यहां किसी स्थान पर खड़े होकर जब आप महाकुम्भ के अद्भुत दृश्यों को देखेंगे, तो पाएंगे कि यही दृश्य समग्र रूप में भारत की पहचान है। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी तट पर तंबुओं की नगरी में सनातन के वैभव, शौर्य और संस्कार का रंग हर रोज चटख होता जा रहा है। यहां की हर धड़कन, हर रंग, हर स्वर, यही सब मिलकर अखंड भारत का चित्रण कर रहे हैं।
आत्मा में बसा सनातनकुम्भ पर्व आदि शंकराचार्य की देन है, जिन्होंने सनातन धर्म के लिए साधु-संतों को एकीकृत कर अखाड़े बनाए। आज हमारे यहां 13 अखाड़े सक्रिय हैं। उनका अपना आध्यात्मिक, वैचारिक दर्शन और कर्मकांड हैं, लेकिन उनकी आत्मा में सनातन बसा है। वे सभी सनातनी आस्था के पैरोकार और प्रवक्ता हैं। वे शैव, वैष्णव, उदासीन, महानिवार्णी, निर्मल नामधारी अखाड़े हो सकते हैं, लेकिन उनकी जुबां से ह्यहर-हर गंगेह्न, ह्यहर-हर महादेवह्न, ह्यजय श्रीरामह्न के उद्घोष ही गूंजते हैं। नागा संन्यासियों के भस्म-शृंगार को देखकर तो महादेव के शिवगण याद आने लगते हैं।
महाकुंभ मौजूदा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा और व्यापक, व्यवस्थित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, बहुराष्ट्रीय, बहुनस्लीय, बहुभाषीय, दैवीय जन-समागम है।
सनातन के सांस्कृतिक अभ्युदय का शंखनादकुंभ आस्था है। विरासत, विश्वास, विकास और इतिहास है। सनातन के चिरंतन, निरंतर व नित्य नवीन तथ्यों की खोज और उन्हें आत्मसात करने की परंपरा का साक्ष्य है। सनातन के सांस्कृतिक अभ्युदय का शंखनाद है। मानव सभ्यता की यात्रा है। सनातन की गाथा है। संस्कृति के रहस्यों का विवेचन है। शस्त्र और शास्त्र के संयोजन और संतुलन के कौशल की परीक्षा है। दान-धर्म के महत्व का संदेश है। आत्मा के परमात्मा से मिलन का अनुभव है।
सनातन संस्कृति में अनुशासन के महत्व का उद्घोष है। सत्य की

# जिला कारागार में मिला एक और बंदी एचआईवी पॉजिटिव, संख्या हुई चार

**टीम एक्शन इंडिया**
**झांसी: जिला** कारागार में 19 साल का बंदी एचआईवी पॉजिटिव मिला है। अब जेल में इस रोग से ग्रसित बंदियों की संख्या चार हो गई है। बंदियों की सेहत को लेकर चल रहे विशेष अभियान के तहत जेल में स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसमें एचआईवी के अलावा टीबी की भी जांच हो रही है। अच्छी खबर यह है कि टीबी मरीजों की संख्या शून्य मिली है। यहां की सलाखों के पीछे बंद सभी 1036 बंदियों की जांच हुई है। जेल में 729 विचाराधीन पुरुष और 28 महिला बंदी हैं, जबकि 265 पुरुषों व 14 महिला कैदियों पर दोष सिद्ध हो चुका है। इसमें महिला बंदी के साथ एक बच्चा भी है। जेल में बंद बंदियों की सेहत को लेकर फिक्रमंद प्रशासन




द्वारा उनकी नियमित जांच कराई जाती है। इस समय जिला अस्पताल की टीम द्वारा बंदियों की टीबी और एचआइवी की जांच की जा रही हैं। सभी 1036 बंदियों की जांच हो चुकी है, जिसमें कुल 5 बंदी एचआइवी पॉजिटिव पाए गए हैं। एक भी बंदी में टीबी के लक्षण नहीं पाए गए हैं। बंदियों की जांच जिला चिकित्सालय के डॉ. पंकज दुबे, परामर्शदाता अंकित मिश्रा, नरेन्द्र, नीतेश व हरगोविन्द कर रहे हैं।
**ग्रसित एक बंदी की हो चुकी है जमानत:** वरिष्ठ जेल अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर जेल के बंदियों की जांच की जा रही है। जेल में पहले एचआईवी से ग्रसित 4 बंदी थे, जिसमें 1 को जमानत मिलने पर उसकी रिहाई हो चुकी है। बाकी 3 बंदियों का लगातार उपचार चल रहा है। अब एक और बंदी एचआइवी पॉजिटिव पाया गया है, जिससे एचआईपी बंदियों की संख्या फिर से 4 हो गई है।
**मरीजों की कराई जा रही एआरटी जांच:** इस संबंध में डॉ. पंकज दुबे ने बताया कि एचआइवी वायरस है। इसका सही समय पर इलाज न हो, तो फिर यह एड्स में तब्दील हो जाता है। मनुष्य के शरीर में रोग से लड़ने की क्षमता खत्म हो जाती है और उसको कई बीमारियां घेर लेती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**रोहतक।** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के जरिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी।
सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीजनिंग का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम परीक्षा इंजीनियरिंग के उम्मीदवारों के लिए है जो फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स में छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करती है। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट 2025 के लिए जरूरी है कि छात्र ने बारहवीं या समकक्ष बोर्ड परीक्षा में कम से कम 50 फीसदी अंक या समकक्ष ग्रेड (एससी/एसटी के लिए 45 फीसदी) प्राप्त किए हों। एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम के लिए जरूरी है कि छात्र ने अनिवार्य विषय के रूप में फिजिक्स और मैथेमेटिक्स तथा साथ में एक विषय- कैमिस्ट्री/ कम्प्यूटर साइंस/ इलेक्ट्रोनिक्स/ इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी/ बायोलोजी/ इन्फोर्मेटिक्स प्रेक्टिसेज/ बायोटेक्नोलॉजी/ टेकनिकल वोकेशनल विषय/ एग्रीकल्चर/ इंजीनियरिंग ग्राफिक्स/ बिजनेस स्टडीज/ एंटरप्रेन्योरशिप में 10 प्लस 2 परीक्षा कम से कम 45 फीसदी अंकों के साथ पास की हो। (एससी/एसटी के लिए 40 फीसदी)। अथवा डी. वॉक या संबंधित सेक्टर में परीक्षा पास की हो।

### होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नया 2025 डियो लॉन्च किया

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज डियो का नया वर्जन लॉन्च किया, जो ओबीडी2बी मानकों का अनुपालन करता है और कई उन्नत फीचर्स से लैस है। इसे युवाओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 2025 होंडा डियो की शुरूआती कीमत रु 74,930 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। नई डियो के लॉन्च के मौके पर, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, ह्यह्नडियो हमेशा से जोश और नवाचार का प्रतीक रहा है। 2025 डियो में हमने आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण के अनुकूल फीचर्स को जोड़ा है, जिससे यह स्कूटर का अनुभव नए स्तर पर पहुंचाता है। डियो की मूल मोटो स्कूटर की अवधारणा को बरकरार रखते हुए, हमने इसे और उन्नत बनाया है। हमें पूरा विश्वास है कि नया डियो भारतीय युवाओं की पहली पसंद बना रहेगा। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री अनुज माथुर ने कहा, "हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों के जीवन को और बेहतर बनाए। 2025 डियो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। इसका डइऊ2इ मानकों का अनुपालन करने वाला इंजन न केवल नए उत्सर्जन मानकों के अनुकूल है, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर ईंधन क्षमता भी सुनिश्चित करता है। यह मोटो स्कूटर हमारी टैगलाइन ह्यडियो वान्ना हैव फन के अनुरूप है, जो राइडिंग का रोमांच और नई पीढ़ी की उम्मीदों को पूरा करता है।"

### एंजेल वन ने निवेशकों को सचेत किया

**नोएडा।** फिनटेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को एंजल वन के नाम का दुरुपयोग करने वाले और इसके वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण कर धोखाधड़ी करने वाले सोशल मीडिया समूहों के बढ़ते प्रचलन के बारे में चेतावनी दी है। कंपनी ने पाया है कि सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एंजल वन से जुड़े होने का झूठा दावा करते हुए कई अनधिकृत समूह बनाए जा रहे हैं। एंजल वन ने पाया है कि ये धोखाधड़ी करने वाले समूह अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, जिसमें आवश्यक सेबी पंजीकरण/अनुमति के बिना प्रतिभूतियों से संबंधित सलाह या सिफारिशें प्रदान करना, साथ ही सेबी की मंजूरी के बिना प्रतिभूतियों से संबंधित रिटर्न और प्रदर्शन के बारे में अनधिकृत दावे करना शामिल है। व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूह एंजल वन लिमिटेड के ब्रांड नाम और लोगो के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम और छवियों का अवैध और भ्रामक तरीके से दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे आम जनता को यह विश्वास हो रहा है कि वे एंजल वन लिमिटेड से जुड़े हुए हैं। एंजेल वन द्वारा कहा गया कि एंजेल वन लिमिटेड का किसी भी नकली एप्लिकेशन, वेब लिंक या निजी व्हाट्सएप/टेलीग्राम समूहों के साथ कोई सीधा या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है और धोखाधड़ी वाले एप्लिकेशन या वेब लिंक के साथ लेन-देन के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी वित्तीय नुकसान या परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

## प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होंगे आईएएस अनुराग श्रीवास्तव

**लखनऊ: जल** जीवन मिशन की परियोजनाओं में सोलर पावर का अभिनव प्रयोग करने के लिए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है।केंद्र सरकार द्वारा उन्हें इनोवेशन स्टेट की कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। वे 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस पुरस्कार से उन्हें 10 अप्रैल को नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# प्रयागराज महाकुंभ से श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह काशी में

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: प्रयागराज** महाकुंभ में मकर संक्रांति पर्व पर पहले अमृत स्नान (शाही स्नान) के बाद लाखों श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह मंगलवार देर रात से ही काशी में होने लगा है। श्रद्धालुओं की भीड़ से दशाश्वमेध स्थित गंगा तट से लेकर श्री काशी विश्वनाथ दरबार भर गया है। श्रद्धालुओं के अनवरत आगमन को देख जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस चिनप्पा की अगुआई में भीड़ प्रबंधन के लिए दशाश्वमेध इलाके में सड़कों पर उतर आए। लाखों की भीड़ से दशाश्वमेध, गोदौलिया, मैदागिन आदि इलाकों में यातायात व्यवस्था चरमरा गई। भीड़ की वजह से



स्थानीय लोग जाम से जूझते हुए अपने कार्यस्थल के लिए निकले। भीड़ के पलट प्रवाह को देख शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। शहर की ओर आने वाले मार्ग के साथ गंगा तट और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, कालभैरव मंदिर मार्ग पर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से गंगा घाटों की निगरानी हो रही है। गंगा नदी में एनडीआरएफ, जल पुलिस के जवान विशेष नौका से गश्त करते देखे गए। गंगाघाट और बाबा धाम के निकट लगातार एलाउंसमेंट के जरिए श्रद्धालुओं को दिशा निर्देश दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के बाद श्रद्धालु काशी में गंगा स्नान और बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर ही अपने घर लौटते हैं। भीड़ के पलट प्रवाह को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी की है।
महाकुंभ का पहला अमृत स्नान मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को हुआ। अनुमान के अनुसार करीब साढ़े तीन करोड़ लोगों ने इस अमृत स्नान में पवित्र संगम तट पर डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ लेने के बाद काशी का रुख किया है।
उधर, वाराणसी में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देख यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत सुगम यातायात के लिए मैदागिन से चौक और गोदौलिया को आने वाली सभी सड़कों को पुलिस ने नो व्हीकल जोन बनाया है। इसी तरह नमो घाट, अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट की ओर जाने वाली सड़क पर भी यातायात प्रतिबंधित किया गया है। 16- 17 जनवरी के बीच 20 लाख से अधिक पर्यटकों के काशी पहुंचने की संभावना जताई गई है। पूरे महाकुंभ की अवधि में प्रयागराज से दस करोड़ श्रद्धालुओं के आने का आकलन जिला प्रशासन ने किया है।

# बसपा दिल्ली चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी, राहुल नीला कपड़ा पहन कर रहे ढोंग: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ- बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि इंडी गठबंधन का कोई भविष्य नहीं हैं। राहुल और प्रियंका गांधी नीले कपड़े पहन कर ढोंग कर रहे हैं। बसपा दिल्ली विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करेगी, जिससे विपक्षी दलों की नींद हराम हो गई है। वह बुधवार को अपने 69वें जन्मदिन पर लखनऊ में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस दौरान खास बात यह रही कि आकाश आनंद के साथ उनके दूसरे भतीजे इशांत आनंद भी



मौजूद रहे। मायावती ने कहा कि मेरा जन्मदिन समथर्क जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाते हैं। उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार सरकार रही। इस दौरान गरीब, दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए काफी योजनाएं लाई गईं, जिससे उनके जीवन में खासा बदलाव आया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि उस दल की सरकारों में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज के सभी महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों का हर स्तर पर उपेक्षा व अनादर किया। सपा ने दलितों का सदैव उत्पीड़न किया, लेकिन अब अखिलेश उन्हें अपने पाले में करने को लगे हैं, जिससे दलितों को सावधान रहना हैं। बसपा अध्यक्ष ने इस मौके पर मेरी किताब (पुस्तक) का विमोचन किया। इस पुस्तक में उनके संघर्षमय जीवन एवं बसपा मूवमेंट का सफरनामा है।

## कोसीकला क्षेत्र में हाईवे से 15 लाख की अवैध शराब पकड़ी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** कोसीकला क्षेत्र में एनएच 19 से तस्करी कर ले जाई जा रही शराब की 180 पेटी को पुलिस ने पकडा है। पकडी गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए हैं। शराब को फर्जी नम्बर वाली नम्बर प्लेट लगी आइसर कैंटर में छुप कर ले जाया जा रहा था। एनएच 19 पर बठैनगेट पुल से पहले, दिल्ली से आगरा की तरफ चैकिंग पुलिस को यह सफलता मिली। थाना कोसीकला पुलिस के मुताबिक आइसर कैंटर को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक ने बैरियर तोडकर गाडी को आगे बढा दिया, पुलिस के पहुंचने से पहले वह गाडी से उतर कर भाग गया। जब गाडी की नम्बर प्लेट पर पडे नम्बर को ई चालान एप पर जांचा गया तो नम्बर प्लेट फर्जी पायी गयी।

# निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन पर दिया जा रहा बल

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। परियोजना** अधिकारी नेडा एसके वर्मा ने अवगत कराया है कि प्रदेश में विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषकों के लिए राज्य अनुदान 70 प्रतिशत अनुमन्य किया गया है। अन्य श्रेणी के कृषकों के लिए केन्द्रीय अनुदान 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 60 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य है एवं 10 प्रतिशत अंशदान कृषको द्वारा देय होगा। पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश के लिए विभिन्न क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के 10000 संख्या निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का लक्ष्य निर्धारित है। जनपद से विभिन्न क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के स्थापित मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए यूपीनेडा के विकसित पोर्टल पर में किये गये आवेदन इच्छुक लाभार्थी कृषकों द्वारा नवीन ऑनलाइन आवेदन का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। चयनित लाभार्थी कृषक के विभिन्नत क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन हेतु ऑनग्रिड

**अनुमोदित**

**सम्बन्धित डिस्कॉम के सहयोग से अनुमोदित अनुबंधित फर्म द्वारा किया जायेगा**

सोलर पावर प्लान्ट की आपूर्ति, स्थापना एवं कमिशनिंग तथा संयत्र की नेट मीटरिंग की व्यवस्था सम्बन्धित डिस्कॉम के सहयोग से अनुमोदित अनुबंधित फर्म द्वारा किया जायेगा। निजी मीटर्ड ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आमंत्रित निविदा के अन्तिमीकरण से प्राप्त क्षमतावार संयत्रो की की अनुमोदित दरें अनुदान एवं कृषक अंशदान क्रमशः 03 एचपी पम्प का अनुदान 23900 रुपए 05 एचपी पम्प का अनुदेन 39325 रुपए, 7.5 एचपी पम्प का अनुदान 54800 रुपए एवं 10 एचपी पम्प का अनुदान 226750 रुपए है। लाभार्थी कृषक द्वारा यूपीनेडा की बेवसाइट पर विकसित पोर्टल के माध्यम से कृषक अंशदान ऑनलाइन जमा किया जायेगा। इच्छुक लाभार्थी कृषक सम्बन्धित पोर्टल पर आवेदन कर योजना का लाभ उठाए एवं अधिक जानकारी परियोजना अधिकारी मोबाइल नम्बर 9458243612 यूपीनेडा राजीव भवन परिसर सिविल लाइन मथुरा से की जा सकती है।

# खुलासा: गैंग मथुरा में बना रहा था बोर्ड

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** फजीर्वाड़े का जिन्न एक बार फिर बोतल निकल आया है। थाना कोतवाली पुलिस ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्कशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के सरगरा सहित पांच जालसाजों को फर्जी मार्कशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं प्रयुक्त इलैक्ट्रानिक उपकरण सहित गिरफ्तार किया है। विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी माकेर्शीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के पांच अभियुक्तों मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम पुत्र रामकिशन निवासी पुराना किला थाना हुसैनगंज जिला लखनऊ, मुकेश पुत्र देवी सिंह निवासी ग्राम चुरमुरा थाना फरह, सुरेश चन्द्र पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी बसई थाना



शेरगढ़, ऋषि पुत्र हरिओम निवासी ग्राम दलौता थाना शेरगढ़, रामप्रकाश गौतम पुत्र सत्यप्रकाश गौतम निवासी पुष्प बिहार कालोनी थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा को बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान से समय करीब 21.30 बजे गिरफ्तार किया गया। मौके से एक अन्य साथी विक्रम सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी बसई थाना शेरगढ़ जिला मथुरा भागने में सफल रहा। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों से शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण व कई फर्जी मार्कशीट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद हुये। अभियुक्तों के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर धारा 61(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।
**गैंग ऐसे कर रहा था काम**
युवाओं की तलाश कर संपर्क स्थापित करके सम्बन्धित विश्वविद्यालयों, शिक्षा बोर्डों से अलग अलग रेट तय कर वार्षिक दर से फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र, अंकतालिका, टीसी तैयार करते थे। तफर्जी तरीके से उनको शैक्षिक अंकपत्र, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रदान कर मोटी रकम वसूलने का कार्य करते थे।
जिनके अन्तर्गत कुछ उनके विरूद्ध भी कार्यवाही अलग से प्रचलित है। इस कार्य के लिए प्रत्येक युवा से एक फर्जी मार्कशीट, अंकपत्र के लिए के लिए 5000 से 45000 तक की रकम बसूलते थे। जिसका आधा हिस्सा ये लोग यूनिवर्सिटी को भी देते थे।

# खुले में शराब पी रहे 456 शराबियों ने हवालात में काटी सर्दी की रात

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद: दिल्ली** से सटे गाजियाबाद में खुले आसमान के नीचे सार्वजनिक स्थानों पर चल रही ओपन बारो के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार की देर शाम में दो घंटे तक विशेष अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र,ग्रामीण क्षेत्र तथा ट्रांस हिंडन क्षेत्र में चले इस अभियान में कुल 456 शराबी पकड़े गए। जो खुले में शराब पी रहे थे। कोई गाड़ी के बोनट पर रखकर,कोई छत परकोई गाड़ी के अंदर तो कोई शराब के ठेके के आसपास कोने में सूनसान तो कोई सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानों पर बेखौफ होकर शराब पी रहा था। जब पुलिस का डंडा चला तो इन



लोगों की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई और पुलिस के सामने आते ही इनका नशा एक ही झटके में उतर गया और गिड़गिड़ाते हुए नजर आए। बोले, साहब इस बार छोड़ दो आगे हम यहां शराब नहीं पियेंगे। कई ने सिफारिश भीलगवाई, लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे कुछ काम न आई। अभियान सभी तीनों जोन में मंगलवार को शाम 7:00 से 9:00 तक चला और 456 लोगों को थानों की हवालात में कल के ठंड में रात काटनी पड़ी। इन सभी का पुलिस ने पुलिस अधिनियम की धारा 334 के तहत चालान कर दिया। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने निर्देश दिए थे कि शाम को कानून व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए शराब के ठेको के आसपास विशेष अभियान चलाया जाए। इसी क्रम में नगर जोन पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तक शराब ठेकों के आसपास व सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानो पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों की चेकिंग का एक सघन अभियान चलाया गया।जिसमें ऐसे 154 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग सार्वजनिक रूप से खुलेआम सड़क पर शराब पी रहे थे। जिससे वहां आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, सभी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया व उनका मेडिकल कराते हुए 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया। नगर क्षेत्र में थाना कोतवाली क्षेत्र में-26,विजयनगर क्षेत्र में- 31,सिहानी गेट क्षेत्र में -12, नंदग्राम क्षेत्र में-42,कवि नगर क्षेत्र में- 23, मधुवन बापूधाम क्षेत्र में- 20 लोग पकड़े गए। ग्रामीण जोन में इस खास अभियान में कुल 144 लोग पकड़े गए। इसमें थाना लोनी क्षेत्र में- 15, थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में-09, थाना अंकुर विहार क्षेत्र में-11,थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में-22,थाना मसूरी क्षेत्र में-25,थाना मुरादनगर क्षेत्र में-10, थाना मोदीनगर क्षेत्र में-08,थाना निवाड़ी क्षेत्र में-06, थाना भोजपुर क्षेत्र में-05, थाना वेव सिटी क्षेत्र में-10,थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में-23 लोग पकड़े गए।

# छत्तीसगढ़ के पीड़ित श्रद्धालुओं की मदद को आगे आये लोग

## तेलंगाना से आए श्रद्धालुओं की बस में आग लगने से हुआ था हादसा

**मथुरा।**
**मंगलवार** को पानी गांव संपर्क मार्ग स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में तेलंगाना से आए हुए श्रद्धालुओं की बस में आग लग जाने के कारण श्रद्धालु का काफी नुकसान हो गया। जिसके बाद वृंदावन के सामाजिक लोगो और प्रशासन के द्वारा कई रूप से उनकी सहायता की गई। इसी क्रम में वृंदावन नगर के नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को आर्थिक और खाद्यान्न सामग्री वितरित कर सहायता की गई। सोशल मीडिया के माध्यम से उन लोगों की सहायता करने के लिए समाजसेवियों से गुहार लगाई गई थी। वहीं इस मौके पर बोलते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल और चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे ही नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को अवगत हुआ कि बाहर से आए श्रद्धालुओं को सहायता की आवश्यकता है, तो व्यापार मंडल ने तुरंत सभी श्रद्धालुओं को आर्थिक और खाद्यान्न सामग्री वितरित कर सहायता की। हमारा यही लक्ष्य है कि वह सभी श्रद्धालु अपने घरों तक सकुशल पहुंच सके। वहीं प्रशासन के द्वारा भी उनकी मदद की जा रही है। साथ ही हमारी सभी से यही अपील है, कि वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता करनी चाहिए। इस मौके पर आशीष ठाकुर, बाबू दास यादव,

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 16 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## फास्ट न्यूज

### राज्य में 20 तक कोहरे के साथ बादल छाये रहने के आसार

**रांचीः** राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और वहां से आ रही ठंडी हवा का असर राज्य में पड़ रहा है। राजधानी रांची में बुधवार को कोहरे और धुंध के साथ बादलों की लुका-छिपी बनी रही। ऐसे में 16 से 20 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेंटीग्रेड हजारीबाग में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। अगले चार दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। फरवरी से ठंड का असर कम होने की संभावना है।

### खनौरी बॉर्डर पर 111 किसानों ने शुरू की भूख हड़ताल

**चंडीगढ़।** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर बुधवार को आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए 111 किसानों ने काले कपड़े पहनकर भूख हड़ताल शुरू कर दी। इससे पूर्व पंजाब व हरियाणा के अधिकारियों का सीमा पर आवागमन लगा रहा। जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। किसानों को इस तरह से बार्डर के नजदीक पहुंचते देख हरियाणा के डीएसपी अमित कुमार भाटिया, एसडीएम व ड्यूटी मजिस्ट्रेट दलजीत सिंह भी दाता सिंह वाला बार्डर से खनौरी की तरफ फोर्स के साथ आगे आ गए।

# महाकुम्भः सीएम ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा

## मुख्यमंत्री का निर्देश, रेलवे से समन्वय बनाकर सतत और समयबद्ध कराएं ट्रेनों का संचालन

**दिशा-निर्देश**

**मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना, युद्धस्तर पर करें तैयारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते 03 दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 06 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशन ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की जरूरत भी बताई, साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों की बेरिकेटिंग हो और सभी सेक्टरों में 247 बिजली और पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव गृह व सूचना, प्रमुख सचिव नगर विकास, चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महाकुम्भ में शुरू हुआ ब्रह्मचर्य दीक्षा समारोह



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ प्रयागराज में लगे मेला परिसर में स्थित ब्रह्मचारियों के अखाड़े श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा में बुधवार को दीक्षा समारोह शुरू हो गया। मकर संक्राति के अगले दिन अखाड़े में ब्रह्मचारियों के दीक्षा की प्रक्रिया शुरू की गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की परंपरा से चतुर्नाम के ब्रह्मचारी इस अखाड़े में रहते हैं। प्रकाश, स्वरूप, चैतन्य और आनंद, जो एक-एक शंकराचार्य का प्रतिनिधित्व इस अखाड़े में करते हैं। चारों वेदों का अखाड़े में अध्ययन किया जाता है, जिससे वे समाज में जाएं और धर्म का प्रचार प्रसार करें। श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने बताया कि इस अखाड़े में लाखों ब्रह्मचारी हैं। जो यहां ब्रह्मचारी की दीक्षा लेने के लिए आयेगा, वह पहले अखाड़े की और सनातन धर्म की परंपराओं को समझेगा। जब अखाड़े के पंचों को लगता है कि वह ब्रह्मचारी बनने के लिए परिपक्व है तो उसे ब्रह्मचारी के रूप में दीक्षित किया जाता है। संपूर्णानंद महाराज के अनुसार ब्रह्मचारी वह है जो धर्म का पालन करता है। जो सनातन धर्म की व्याख्या और प्रचार करेगा, उसे ब्रह्मचारी बनाएंगे। जो गृहस्थ से दूर हैं, वे यहां आते हैं। यहां बहुत सारे ब्रह्मचारी दीक्षित हुए और उन्होंने सामाजिक उपाधियां प्राप्त कीं।

## अपार संभावनाओं की भूमि है शहडोल : मुख्यमंत्री यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। सहयोग और साझेदारी के साथ क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये गुरुवार, 16 जनवरी को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने वाला है। इसमें उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ नीति संवाद और नवाचार साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार को जनसंपर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन इकाइयों में 570 करोड़ रुपये का निवेश और 2600 रोजगार का सृजन होगा। कॉन्क्लेव में टोरेंट पॉवर द्वारा 1600 मेगावाट थर्मल पॉवर प्लांट के लिए 18 हजार करोड़ रुपये का निवेश संभावित है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ 3 सेक्टोरल सत्र भी होंगे। कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र में मुख्य सचिव अनुराग जैन मध्यप्रदेश के उद्योग दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेंगे और उद्योग विभाग की एक साल की उपलब्धियों पर फिल्म का प्रदर्शन होगा।

**लोकार्पण**

**शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव गुरुवार को, मुख्यमंत्री करेंगे 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

**अधिकारियों द्वारा प्रेजेन्टेशन**
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और एमएसएमई के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह प्रदेश में निवेश के अवसरों, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अवसरों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम में अवसरों, खनिज संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव खनन एवं खनिज क्षेत्र में अवसरों और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला पर्यटन क्षेत्र में अवसरों का प्रस्तुतिकरण देंगे। कॉन्क्लेव में प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा अपने अनुभव साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी संबोधित करेंगे।

### रिहाई के बाद आश्रम में टहलता दिखाई दिया आसाराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से रेप के मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद आसाराम पाल गांव स्थित अपने आश्रम पहुंच गया है। बुधवार सुबह वह अपने आश्रम में टहलता नजर आया। इस दौरान बड़ी संख्या में उसके अनुयायी भी वहां पहुंचे। इधर समर्थकों से अपील की गई है कि आसाराम इलाज के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा रहा है, ऐसे में जोधपुर आश्रम में न आएं। दरअसल आसाराम के ऊपर गांधीनगर और र जोधपुर में रेप के मामले दर्ज हैं।

## अमृत स्नान के बाद सफाई अभियान शुरू



**युद्धस्तर पर**

**दो दिन में 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है। सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। विगत 2 दिनों में महाकुम्भ में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

**जगह-जगह फैली गंदगी को हटाने में जुटा प्रशासन**
मेला क्षेत्र में बचे कचरे को हटाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई सामग्रियों को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है। एकत्रित कचरे को काले लाइनर बैग में जमा कर निस्तारित किए जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। मेले के दौरान उपयोग किए गए शौचालयों की सफाई बड़े स्तर पर हो रहीहै। स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को इस कार्य में लगाया गया है।

## 16 से शुरू होगा 'संस्कृति का महाकुम्भ'

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ/महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुम्भ' होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। इसके अतिरिक्त यमुना पंडाल, सरस्वती पंडाल में भी 16 जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक सुरों का संगम होगा। 16 जनवरी को गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे तो यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण से ईश्वर के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगे।

**प्रवाह**

**पद्मश्री रामदयाल शर्मा 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे**

पहले दिन सरस्वती पंडाल पर नौटंकी विधा से भी श्रद्धालु परिचित होंगे। पद्मश्री रामदयाल शर्मा 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे।

**गंगा पंडाल होगा मुख्य, त्रिवेणी-यमुना और सरस्वती पंडाल में भी होंगे विविध कार्यक्रम**
भक्ति व विरासत के इस उत्सव में गंगा पंडाल का मंच मुख्य होगा। 10, 000 दर्शकों की क्षमता के लिए सेक्टर-1 के परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल बनाया गया है। वह भारत के प्रसिद्ध कलाकारों की भव्य प्रस्तुतियों का केंद्र है। इसके अलावा दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल बनाया गया है। हां भी मेजबान उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन कलाकार अनेक विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे।

## जापान बनेगा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का कंट्री पार्टनर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**समिट**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में निवेश आकर्षित करने जाएंगे जापान, लागू होंगी नीतियां**

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष में प्रवेश पर उनको समर्पित मंत्रि-परिषद की अगली बैठक 24 जनवरी को महेश्वर में होगी। ग्वालियर मेला और विक्रमोत्सव उज्जैन में मोटरयान करों में छूट के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी शक्ति) पर ध्यान के ध्येय वाक्य के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्रदेश में आरंभ स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही गरीब कल्याण मिशन का क्रियान्वयन भी प्रदेश में आरंभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

### साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने संबंधी याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बढ़ते साइबर क्राइम पर गंभीरता रुख अख्तियार किया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने साइबर क्राइम पर रोक लगाने की मांग पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम जानते हैं कि साइबर क्राइम बड़ा मुद्दा है। याचिका बेंगलुरु निवासी गौरीशंकर एस ने दाखिल की है। याचिका में साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे को लेकर आग्रह किया गया है।






**आदेश** जब तक कोर्ट द्वारा किसी आरोपी को दोषी करार नहीं दिया जाता है तब तक वह निर्दोष ही माना जाएगा

## अनिश्चितकाल तक किसी व्यक्ति को हिरासत में नहीं रखा जा सकता



**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर: राजस्थान हाईकोर्ट** ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अनिश्चितकाल तक किसी भी व्यक्ति को हिरासत में नहीं रखा जा सकता। जब तक कोर्ट द्वारा किसी आरोपी को दोषी करार नहीं दिया जाता है तब तक वह निर्दोष ही माना जाएगा। दरअसल हत्या के आरोपों में विचाराधीन अभियुक्त गजेंद्र सिंह ने अपनी अधिवक्ता दीपिका सोनी के जरिए हाईकोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश फरजंद अली ने आदेश पारित करते हुए स्पष्ट लिखा कि अनिश्चित काल तक किसी व्यक्ति को हिरासत में नहीं रखा जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि मुकदमे की धीमी गति से प्रगति को देखते हुए इसमें अभी भी समय लगेगा। गजेंद्र सिंह पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। साल 2018 में ट्रायल शुरू किया गया लेकिन अभियोजन पक्ष के गवाह पूरे नहीं हो सके। अभियोजन पक्ष के कुल 48 गवाहों में से केवल 16 की अब तक जांच हो सकी है। अदालत ने कहा कि परीक्षण द्वारा ईमानदारी से प्रयास नहीं किए गए हैं। न्यायालय द्वारा जब तक अभियुक्त को दोषी साबित न हो तब तक निर्दोष माना जाएगा। अदालत के इस फैसले से गजेंद्र सिंह को बड़ी राहत मिली है। गजेंद्र सिंह की ओर से अधिवक्ता दीपिका सोनी ने पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि उसके खिलाफ कथित अपराधों के लिए कोई मामला नहीं बनता है और उसे कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। अभियोजन पक्ष के मामले में कई और खामियां हैं। इस मामले में कोई भी ऐसा कारक नहीं है जो आरोपी याचिकाकर्ता को जमानत दिए जाने के खिलाफ काम कर सके। उसे अनुमान के आधार पर आरोपी बनाया गया है।